डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक

# रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 128 | पेज: 8 | जयपुर, बुधवार 16 अप्रैल 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

## जयपुर में कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास के घर पर ईडी की छापेमारी, सियासी विवाद

### -कांग्रेस नेताओं का आरोप - केंद्रीय एजेंसियों का राजनीतिक दुरुपयोग

जयपुर। राजधानी जयपुर में कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के घर पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने मंगलवार सुबह छापेमारी की। सुरक्षा बलों की तैनाती के बीच कांग्रेस कार्यकर्ता और खाचरियावास के समर्थक ईडी की इस कार्रवाई के विरोध में सड़कों पर उतर आए। समर्थकों ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और ईडी पर बिना नोटिस कार्रवाई करने का आरोप लगाया। खाचरियावास ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह कार्रवाई सरकार की बदले की भावना का हिस्सा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकार उनकी आवाज दबाना चाहती है क्योंकि वह लगातार भाजपा के खिलाफ बोल रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि जब भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व. भैरोसिंह शेखावत के भाई के घर पर ईडी की टीम पहुंच सकती है, तो इसका मतलब है कि सरकार किसी से भी सगी नहीं है। भाजपा डराना चाहती है। हम डरेंगे नहीं। अब तो प्रदेशभर में घूमकर सरकार के कारनामे उजागर करेंगे। उन्होंने कहा कि ईडी बिना कारण और बिना नोटिस दिए सर्च करने आई है।




इस मामले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने ईडी की कार्रवाई पर सवाल खड़े किए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास के निवास पर ईडी की रेड की कार्रवाई निंदनीय है। 2020 में राजस्थान में कांग्रेस सरकार गिराने के प्रयास के समय भाजपा का मुखरता से विरोध करने पर खाचरियावास से ईडी ने केवल प्रताड़ित करने के उद्देश्य से 12 अगस्त 2020 को 7-8 घंटे लम्बी पूछताछ की थी, क्योंकि वो राजस्थान की भाजपा सरकार के खिलाफ मुखर रहते हैं तो फिर से ईडी ने दस्तक दे दी है। विधानसभा चुनाव से पूर्व हमारे प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के घर, तत्कालीन विधायक ओम प्रकाश हुडला के घर भी राजनीतिक उद्देश्य से ईडी ने छापे मारे थे, तब भी ईडी एक्सपोज हुई थी। अब केंद्रीय जांच एजेंसियों की विपक्ष के नेताओं पर ऐसी कार्रवाई से किसी को भी अचंभा नहीं होता है। इन एजेंसियों का पूरा राजनीतिक दुरुपयोग किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास जी मुखरता से भाजपा सरकार के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं इसी से डरकर भाजपा सरकार ने केन्द्रीय एजेंसियों को उनके घर भेज दिया है। 2020 में भी उन्हें इसी तरह परेशान करने का प्रयास हुआ था। खाचरियावास के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से की जा रही यह कार्रवाई निंदनीय है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास पर ईडी की कार्रवाई की आलोचना करते हुए कहा कि प्रताप सिंह खाचरियावास भाजपा सरकार द्वारा आईफा के नाच गाने में उड़ाए 100 करोड़ रुपए पर तीखे सवाल पूछ रहे हैं। क्योंकि जयपुर का बेटा उन 100 करोड़ रुपए के लिए सवाल पूछ रहा है, जो कांग्रेस सरकार ने आराध्य देव गोविन्द देव जी के मंदिर कॉरिडोर व भव्यता के लिए घोषित किए थे। क्योंकि खाचरियावास चुनाव हारने के बाद जनता की लड़ाई लड़ रहे हैं, हर मुद्दे पर सरकार को आईना दिखा रहे हैं। बदले की भावना से की गई इस कार्रवाई की मैं कड़ी निंदा करता हूं। खाचरियावास , कांग्रेस के बब्बर शेर हैं, डरेंगे नहीं, डटकर लड़ेंगे और जीतेंगे। भाजपा ने ईडी को अपना फ्रंटल ऑर्गेनाइजेशन बना लिया है। आज सरकारी एजेंसियों का काम सिर्फ राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों और जनता की बात करने वाले नेताओं को डराने-धमकाने का रह गया है। इस घटना ने एक बार फिर से राजस्थान में केंद्रीय एजेंसियों के राजनीतिक दुरुपयोग के आरोपों को ताजा कर दिया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकार द्वारा इस प्रकार की कार्रवाइयों के माध्यम से विपक्षी नेताओं को दबाने की कोशिश की जा रही है, जो लोकतंत्र के लिए खतरनाक है।

## बसपा में आकाश आनंद की वापसी, मायावती ने माफ किया लेकिन ससुर पर सख्त रुख बरकरार

लखनऊ। बसपा से निष्कासित किए गए आकाश आनंद द्वारा पार्टी सुप्रीमो मायावती से माफी मांगते के कुछ ही घंटे बाद उन्होंने बड़ा दिल दिखाते हुए उन्हें माफ कर दिया। इस बात की पुष्टि स्वयं बसपा प्रमुख ने अपने ट्विटर हैंडल पर किया है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, आकाश आनन्द द्वारा एक्स पर आज अपने चार पोस्ट में सार्वजनिक तौर पर अपनी गलतियों को मानने व सीनियर लोगों को पूरा आदर-सम्मान देने के साथ ही अपने ससुर की बातों में आगे नहीं आकर बीएसपी पार्टी व मूवमेन्ट के लिए जीवन समर्पित करने के मद्देनजर इन्हें एक और मौका दिए जाने का निर्णय। मायावती ने आगे लिखा, वैसे अभी मैं स्वस्थ्य हूं और जब तक पूरी तरह से स्वस्थ्य रहूंगी, मान्यवर श्री कांशीराम जी की तरह, पार्टी व मूवमेन्ट के लिए पूरे जी-जान व तन्मयता से समर्पित रहकर कार्य करती रहूंगी। ऐसे में मेरे उत्तराधिकारी बनाने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता है। मैं अपने निर्णय पर अटल हूं व रहूंगी।वैसे पार्टी से निष्कासन के बाद आकाश अपनी तमाम गलतियों के लिए माफी मांगने व आगे ऐसी गलती नहीं करने को लेकर वह लोगों से लगातार सम्पर्क करता रहा है और आज उसने सार्वजनिक तौर पर अपनी गलतियों को मानते हुए अपने ससुर की बातों में अब




आगे नहीं आने का संकल्प व्यक्त किया है। किन्तु आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ की गलतियां अक्षम्य हैं। उन्होंने गुटबाजी आदि जैसी घोर पार्टी विरोधी गतिविधियों के साथ-साथ आकाश के कैरियर को भी बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। इसलिए उनको माफ करने व पार्टी में वापस लेने का सवाल ही नहीं पैदा होता है। आकाश आनंद ने पार्टी सुप्रीमो और बुआ मायावती से माफी मांगते हुए फिर से पार्टी के लिए कार्य करने की इच्छा जताई थी और कहा कि अब वह अपने नाते रिश्तेदारों की नहीं सुनेंगे। उन्होंने एक्स पर जारी किए गए बयान में कहा कि बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष, यूपी की चार बार की मुख्यमंत्री एवं लोकसभा व राज्यसभा की भी कई बार रहीं सांसद मायावती जी को मैं अपने दिल से एकमात्र राजनीतिक गुरु व आदर्श मानता हूं। आज मैं यह प्रण लेता हूं कि बहुजन समाज पार्टी के हित के लिए मैं अपने रिश्ते-नातों को व खासकर अपने ससुराल वालों को कतई भी बाधा नहीं बनने दूंगा।यही नहीं बल्कि कुछ दिनों पहले किए गए अपने ट्वीट के लिए भी माफी मांगता हूं जिसकी वजह से आदरणीया बहन जी ने मुझे पार्टी से निकाल दिया है और आगे से इस बात को सुनिश्चित करूंगा कि मैं अपने किसी भी राजनीतिक फैसले के लिए किसी भी नाते रिश्तेदार और सलाहकार की कोई सलाह मशविरा नहीं लूंगा और सिर्फ आदरणीय बहन जी के दिए गए दिशा-निर्देशों का ही पालन करूंगा। तथा पार्टी में अपने से बड़ों की व पुराने लोगों की भी पूरी इज्जत करूंगा और उनके अनुभवों से भी काफी कुछ सीखूंगा। आदरणीया बहन जी से अपील है कि वे मेरी सभी गलतियों को माफ करके मुझे पुन: पार्टी में कार्य करने का मौका दें, इसके लिए मैं सदैव उनका आभारी रहूंगा। साथ ही अब मैं आगे ऐसी कोई भी गलती नहीं करूंगा, जिससे पार्टी व आदरणीया बहन जी के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान को ठेस पहुंचे।

## वक्फ की जमीन पर गरीबों के लिए मकान और स्कूल बनाएंगे: योगी आदित्यनाथ

### -सपा-कांग्रेस को अपने गुर्गों की चिंता, इसलिए फैला रहे भ्रम

हरदोई। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा वक्फ की जमीनें वापस ली जाएंगी। इन पर अस्पताल, गरीबों के लिए मकान, स्कूल, विश्वविद्यालय बनेंगे। निवेश के लिए लैंड बैंक तैयार होगा। वक्फ कानून के विरोध में बंगाल में हो रही हिंसा पर सीएम ने हरदोई में कहा- लातों के भूत बातों से नहीं मानते हैं। दंगाई डंडे से ही मानेंगे। जिसे बांग्लादेश पसंद है, वह बांग्लादेश चला जाए। उन्होंने कहा- बंगाल जल रहा है, लेकिन वहां की मुख्यमंत्री के साथ-साथ सपा और कांग्रेस भी चुप हैं। ममता बनर्जी दंगाइयों को शांतिदूत कहती हैं और सेक्युलरिज्म के नाम पर उन्हें खुली छूट दे दी है। इस तरह की अराजकता पर लगाम लगनी चाहिए। वहां की कोर्ट को धन्यवाद दूंगा, जिसने वहां के अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा के लिए कदम उठाया है। योगी मंगलवार को माधोगंज स्थित रुइया गढ़ी पहुंचे, जहां उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजा नरपत सिंह के विजय दिवस समारोह में भाग लिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 650 करोड़ रुपए की 729 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।



**सीएम योगी की 5 बड़ी बातें-**

1. वक्फ की जमीनों पर गरीबों के लिए मकान बनाएंगे वक्फ की जमीनें वापस ली जाएंगी। इन पर अस्पताल बनेंगे, गरीबों के लिए मकान बनेंगे, ऊंची इमारतें बनेंगी। यहां स्कूल, विश्वविद्यालय बनेंगे और निवेश के लिए लैंड बैंक तैयार होगा, लेकिन किसी को जमीन पर कब्जा कर गुंडागर्दी करने की छूट नहीं मिलेगी। लोग इसी वजह से परेशान हैं, क्योंकि जमीन के नाम पर जो लूट मची थी, अब वह रुकने वाली है।
2. सपा-कांग्रेस को परेशानी है कि अब गुर्गे खाली हो जाएंगे इन लोगों को इसलिए परेशानी हो रही है, क्योंकि अब उनके गुर्गों को बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है। वो गुर्गे जो पहले जनता को लूटते थे। जो भस्मासुर पाल रखे थे, अब उन्हें डर है कि कहीं वही इन्हें न डसने लगें। जो अकूत संपत्ति इकट्ठा की गई थी, उस पर डकैती न पड़ जाए।इसलिए ये वक्फ के नाम पर जनता को गुमराह कर रहे हैं, आंखों में धूल झोंक रहे हैं, लेकिन गुमराह होने की जरूरत नहीं है। हमें संविधान और बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्शों पर विश्वास रखना है और विकास की प्रक्रिया से जुड़ना है।
3. दंगाइयों का उपचार सिर्फ डंडा है पहले रोजगार का अभाव था, अव्यवस्था थी। हमने योजनाओं को आगे बढ़ाया है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। पहले लोगों को पलायन करना पड़ता था, लेकिन अब तस्वीर बदल चुकी है। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में हर दूसरे-तीसरे दिन दंगे होते थे। इन दंगाइयों का इलाज केवल डंडा है, बिना डंडे के वे मानेंगे नहीं।
4. ये लोग भारत की धरती पर बोझ बने हुए हैं मुर्शिदाबाद को लेकर कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और टीएमसी सब मौन हैं। वे धमकी पर धमकी दे रहे हैं और बांग्लादेश में जो हुआ, उसका समर्थन कर रहे हैं। अगर उन्हें बांग्लादेश अच्छा लगता है, तो वहीं चले जाएं। ऐसे लोग भारत की धरती पर बोझ बन चुके हैं।

हरदोई में मेडिकल कॉलेज पूरी तरह तैयार हो चुका है और जल्द ही नर्सिंग कॉलेज भी शुरू होगा। गंगा एक्सप्रेसवे की 99 किलोमीटर की दूरी हरदोई से होकर गुजरेगी, जिससे दिल्ली और प्रयागराज की दूरी घटेगी। हरदोई की सीमा पर पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क बनने जा रहा है, जिससे लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा और यहां के हुनर को पहचान मिलेगी।अब लोगों को रोजगार के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा, बल्कि दूसरे राज्यों से लोग हरदोई आएंगे। डबल इंजन की सरकार विरासत का सम्मान करती है और विकास को गति देती है। प्रयागराज महाकुंभ इसका उदाहरण है, जहां 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। यह "एक भारत श्रेष्ठ भारत" की भावना को दर्शाता है। भारत अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है, और अगले दो वर्षों में हम तीसरे स्थान पर होंगे।

## झारखंड मंत्री हफीजुल हसन की विवादास्पद टिप्पणी पर स्पष्टीकरण, बीजेपी ने कार्रवाई की मांग की

### -मंत्री हसन का दावा - संविधान के अनुसार काम करते हैं
### -बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस और झामुमो पर गंभीर आरोप लगाए

रांची। झारखंड के मंत्री हफीजुल हसन ने सोमवार को 'पहले शरीयत, फिर संविधान' संबंधी अपनी विवादास्पद टिप्पणी पर स्पष्टीकरण दिया है। मंत्री हसन ने कहा कि यह गलत व्याख्या है और संदर्भ से बाहर है। हसन ने स्पष्ट किया, 'मैंने 'मैं' नहीं कहा, मैंने 'हम' कहा। पूरा बयान देखिए। मैं एक मंत्री हूं; 'हम' में सभी शामिल हैं। एक मंत्री संविधान में विश्वास करता है और उसके अनुसार काम करता है।' मंत्री हसन ने अपना बचाव करते हुए कहा कि अन्य धर्मों की तरह शरीयत भी लोगों के दिलों में स्थान रखता है, लेकिन यह संविधान का स्थान नहीं लेता है। उन्होंने स्पष्ट किया, 'शरीयत का भी अपना स्थान है। लोग हनुमान जी को अपने दिल में रखते हैं। यह कहने का एक तरीका है। मैंने भी कुछ ऐसा ही कहा। हर कोई इसे तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहा है। जब आप पूरे 5-6 मिनट तक मेरी कही गई बातों को देखेंगे तो आपको पता चल जाएगा।' हसन ने इस बात पर भी जोर दिया कि एक मंत्री के तौर पर वे संविधान के अनुसार काम करते हैं। उनकी टिप्पणियों को कुछ लोगों ने गलत समझा है। उन्होंने लोगों से उनके



बयान के संदर्भ को पूरी तरह से समझने का आग्रह किया।

**बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने की कार्रवाई की मांग**

हसन की टिप्पणी से राजनीतिक विवाद छिड़ गया है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंत्री हसन द्वारा संविधान के खिलाफ की गई कथित टिप्पणियों की कड़ी निंदा की है। विशेष रूप से अंबेडकर जयंती के अवसर पर जो बाबा साहेब को सम्मानित करने के लिए समर्पित दिन है। मेघवाल ने कहा हम सभी को संविधान का सम्मान करना चाहिए। संविधान के सम्मान में दिल्ली में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। अगर कोई संविधान के खिलाफ ऐसा कुछ कहता है तो यह सही नहीं है। यह निंदनीय है।'

**कांग्रेस और JMM संविधान का मजाक उड़ाती है- मरांडी**

झारखंड विधानसभा में विपक्ष के नेता और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंत्री हसन की विवादास्पद टिप्पणी पर कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) से स्पष्टीकरण मांगा है। मरांडी ने कहा, 'यह स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस और जेएमएम संविधान की प्रति लेकर घूमते हुए संविधान का मजाक उड़ाते हैं। हफीजुल हसन के शब्दों से सच्चाई सामने आ गई है।' उन्होंने आगे पार्टियों की आलोचना करते हुए दावा किया कि उनकी टिप्पणियों से संविधान के प्रति उनकी अवहेलना का पता चलता है। बीजेपी नेता मरांडी ने कहा, 'इसलिए पार्टी मांग करती है कि कांग्रेस और झामुमो इस पर स्पष्टीकरण दे। ऐसे मंत्री को मंत्रिमंडल से हटा दें। बीजेपी इस मुद्दे पर झारखंड में आंदोलन करेगी, ताकि इस राज्य और देश के लोगों को पता चले कि कांग्रेस और झामुमो के लोग संविधान में विश्वास नहीं रखते और शरीयत के अनुसार काम करना चाहते हैं।


## राज्यपाल आर.एन. रवि पर 'जय श्री राम' नारा लगवाने का आरोप, तमिलनाडु के शिक्षा संगठन ने राष्ट्रपति से हटाने की मांग की

### -डीएमके और कांग्रेस ने राज्यपाल की आलोचना की

मदुरै। तमिलनाडु के राज्यपाल आर.एन. रवि एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। इस बार उन पर एक कॉलेज कार्यक्रम के दौरान 'जय श्री राम' का नारा लगवाने का आरोप लगा है। इस घटना के बाद शिक्षा विशेषज्ञों के संगठन स्टेट प्लेटफॉर्म फॉर कॉमन स्कूल सिस्टम-तमिलनाडु (एसपीसीएसएस-टीएन) ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राज्यपाल को उनके पद से हटाने की मांग की है।

क्या है पूरा मामला?

राज्यपाल आरएन रवि 12 अप्रैल को मदुरै में मौजूद एक सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेज में बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किए गए थे। वहां एक साहित्यिक प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देने के लिए राज्यपाल पहुंचे थे। अपने भाषण के दौरान उन्होंने छात्रों से तीन



बार 'जय श्री राम' कहने को कहा। राज्यपाल ने कहा, "आज के दिन हम उस महापुरुष को श्रद्धांजलि दें, जो श्रीराम के महान भक्त थे। मैं कहूंगा 'जय श्री राम', आप भी कहिए 'जय श्री राम।' छात्रों द्वारा इस नारे को दोहराते हुए वीडियो में देखा जा सकता है।

DMK और कांग्रेस का हमला

राज्यपाल के बयान पर सत्ताधारी DMK ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी प्रवक्ता धरनीधरन ने कहा, "यह देश के धर्मनिरपेक्ष मूल्यों के खिलाफ है। राज्यपाल बार-बार संविधान का उल्लंघन क्यों करना चाहते हैं? उन्होंने अब तक इस्तीफा क्यों नहीं दिया? वह RSS के प्रवक्ता बन चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी हाल ही में उन्हें उनकी 'जगह' दिखा दी है।" कांग्रेस विधायक आसन मौलाना ने भी राज्यपाल की आलोचना करते हुए कहा,"वह देश के उच्च पदों में से एक पर आसीन हैं, लेकिन ऐसे बोल रहे हैं जैसे कोई धार्मिक प्रचारक हों। भारत विविधताओं वाला देश है—धर्म, भाषा और संस्कृति में। 'जय श्री राम' के नारे लगवाकर राज्यपाल असमानता और धार्मिक विचारधारा को बढ़ावा दे रहे हैं।" एसपीसीएसएस-टीएन का कहना है कि राज्यपाल ने इस प्रकार का नारा लगवाकर संविधान की धर्मनिरपेक्षता की भावना का उल्लंघन किया है। संगठन के महासचिव पी.बी. प्रिंस गजेन्द्र बाबू ने कहा कि राज्यपाल का यह कृत्य भारतीय संविधान के अनुच्छेद 159 (राज्यपाल की शपथ) का उल्लंघन है। उन्होंने कहा, 'भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और शिक्षा भी एक धर्मनिरपेक्ष गतिविधि है। ऐसे में किसी विशेष धर्म के भगवान का नाम लेकर नारा लगवाना न सिर्फ गलत है, बल्कि यह राज्यपाल की संवैधानिक जिम्मेदारियों के खिलाफ भी है।'

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय

### भारत की आर्थिक स्थिति को कैसे मजबूत किया जा सकता ?

भारत की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना होगा, जो संरचनात्मक चुनौतियों को संबोधित करे और देश की अंतर्निहित ताकत का लाभ उठाए। सबसे पहले, बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है। परिवहन, ऊर्जा और डिजिटल कनेक्टिविटी में निवेश से औद्योगिक उत्पादकता बढ़ सकती है और विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) आकर्षित हो सकता है। "मेक इन इंडिया" और स्मार्ट शहरों जैसी पहलों को तेज करना होगा और निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए नियमों को सरल बनाना होगा। दूसरा, कुशल कार्यबल तैयार करना आवश्यक है। भारत की युवा आबादी एक संपत्ति है, लेकिन आधुनिक अर्थव्यवस्था की मांगों को पूरा करने के लिए मजबूत शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम चाहिए। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच बढ़ाना और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में कौशल विकास बेरोजगारी को कम कर सकता है।तीसरा, कृषि सुधार महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि भारत की बड़ी आबादी इस क्षेत्र पर निर्भर है। खेती की आधुनिक तकनीकों, सिंचाई में सुधार और किसानों के लिए उचित बाजार पहुंच से उत्पादकता और ग्रामीण आय बढ़ सकती है, जिससे आर्थिक असमानता कम होगी। साथ ही, टिकाऊ प्रथाएं पर्यावरण संबंधी चिंताओं को दूर कर सकती हैं। चौथा, विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत करना अर्थव्यवस्था को विविधता प्रदान करेगा। छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) के लिए प्रोत्साहन, कर सुधार और व्यवसाय करने में आसानी से रोजगार और निर्यात बढ़ेगा। ऑटोमेशन और IoT जैसी तकनीकों को अपनाने से प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी।अंत में, वित्तीय अनुशासन और समावेशन जरूरी हैं। मुद्रास्फीति नियंत्रण, गैर-आवश्यक वस्तुओं पर सब्सिडी कम करना और डिजिटल बैंकिंग का विस्तार अर्थव्यवस्था को स्थिर करेगा। भ्रष्टाचार पर अंकुश और शासन में सुधार से निवेशक विश्वास बढ़ेगा। इन प्राथमिकताओं—बुनियादी ढांचा, शिक्षा, कृषि, विनिर्माण और वित्तीय स्वास्थ्य—को संतुलित कर भारत अपनी जनसांख्यिकीय क्षमता का उपयोग कर सकता है और आने वाले दशकों में वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बन सकता है।इसके अलावा भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए देश में सामाजिक, धार्मिक भाईचारे को बढ़ाना जरूरी है।

# जिस शरबत ने सरहदें नहीं देखीं – रूह अफ़ज़ा की दास्तान



गर्मियों की तेज़ धूप में जब प्यास से गला सूखता है, तब अक्सर एक ही नाम जुबान पर आता है – रूह अफजा। यह गुलाबी लाल रंग का मीठा और ठंडक देने वाला शरबत केवल एक पेय नहीं, बल्कि भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश के लाखों परिवारों की यादों और परंपराओं से जुड़ा हुआ एक हिस्सा बन चुका है। इसकी कहानी सिर्फ स्वाद और ठंडक की नहीं, बल्कि इतिहास, बंटवारे, विरासत और एकता की भी है।

1907 में दिल्ली में भीषण गर्मी से लोग परेशान रहने लगे थे। उस वक्त कई लोग स्ट्रोक, डायरिया और डिहाइड्रेशन के चलते दम तोड़ रहे थे। जब यूनानी हर्बल चिकित्सा और हमदर्द दवाखाना के संस्थापक हकीम हाफिज अब्दुल मजीद ने इस शानदार शरबत का इजाद किया। गर्मी की वजह से बीमार पड़ रहे लोगों को हकीम अब्दुल मजीद रूह अफ़ज़ा की खुराक देने लगे। लू और गर्मी से शरीर को बचाने में रूह अफ़ज़ा बेहद शानदार साबित हुआ। उस दौर में दिल्ली की गर्मी से लोगों को राहत देने के लिए उन्होंने जड़ी-बूटियों, फलों, फूलों और पौधों की जड़ों से यह पेय बनाया। आज रूह अफ़ज़ा को भले ही शरबत के रूप में मार्केट में बेचा जा रहा है, लेकिन एक वक्त था जब इसे दवाई की तरह इस्तेमाल किया जाता था। इस टॉनिक को तैयार करने में खुर्फा के बीज, पुदीना, अंगूर, गाजर, तरबूज, संतरा, केवड़ा, खसखस, धनिया, पालक, कमल, लिली और गुलाब जैसी प्राकृतिक चीज़ों का इस्तेमाल किया गया। यह शरबत शरीर को लू से बचाने और गर्मी में तरोताजा करने के लिए बनाया गया था। रूह अफजा का नाम एक मशहूर फारसी और उर्दू के कवि नजीर अहमद ने रखा था, जो हकीम अब्दुल मजीद के करीबी दोस्त थे। फारसी में "रूह" का मतलब आत्मा और "अफजा" का मतलब ताज़गी या तरोताजगी देना होता है। यानी "रूह अफजा" का मतलब हुआ – आत्मा को ताज़गी देने वाला। इस शरबत का पहला लेबल 1910 में कलाकार मिर्जा नूर अहमद ने तैयार किया था और इसे मुंबई की बोल्टन प्रेस में छापा गया था। बाद में रूह अफजा की बोतलों को जर्मनी में डिजाइन करवाया गया। पहले यह शरबत शराब की बोतलों में आता था, फिर इसे कांच की बोतलों में बेचा जाने लगा, और अब प्लास्टिक की बोतलों में उपलब्ध है। हकीम अब्दुल मजीद के निधन के बाद उनके बेटे हकीम अब्दुल हामिद ने हमदर्द की जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने कंपनी को आगे बढ़ाया और इसे एक ट्रस्ट के रूप में बदल दिया, जिसका मकसद समाज की सेवा करना था। लेकिन साल 1947 में जब भारत का विभाजन हुआ, तब यह कंपनी भी दो हिस्सों में बंट गई। हामिद भारत में रह गए और हमदर्द इंडिया को चलाते रहे, जबकि उनके छोटे भाई मोहम्मद सईद पाकिस्तान चले गए और वहां कराची में हमदर्द की नई शुरुआत की। इसके बाद साल 1971 में जब बांग्लादेश बना, तब हमदर्द की एक शाखा वहां भी शुरू हुई। आज रूह अफजा भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश – तीनों देशों में बहुत लोकप्रिय है, रूह अफजा न केवल रमज़ान का एक अहम हिस्सा है, बल्कि हर घर की गर्मियों की थाली का भी हिस्सा है। चाहे मेहमान आ जाएं या गर्मी में कुछ ठंडा पीने का मन हो, रूह अफजा अक्सर पहली पसंद होता है। इसे पानी, दूध, आइसक्रीम या फालूदा के साथ मिलाकर पीया जाता है। रूह अफजा की खास बात यह है कि इसमें शामिल जड़ी-बूटियां और फूल न केवल स्वाद बढ़ाते हैं बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद माने जाते हैं। यह शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाता है और गर्मी में राहत देता है। यही वजह है कि आज भी, आधुनिक पेय पदार्थों की भरमार के बीच, रूह अफजा अपनी एक अलग पहचान बनाए हुए है।

**शर्बत विवाद से रूहअफ़ज़ा की चर्चा ज़ोरों पर:**

हाल ही में योग गुरु बाबा रामदेव ने रूह अफजा पर 'शरबत जिहाद' जैसा विवादास्पद बयान देकर कहा कि इसकी कमाई मदरसों और मस्जिदों में लगाई जाती है। इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं आईं, लेकिन इसके बावजूद रूह अफजा की लोकप्रियता में कोई खास फर्क नहीं पड़ा। क्योंकि लोगों के लिए यह सिर्फ एक ब्रांड नहीं, बल्कि यादों से जुड़ी एक परंपरा है।

आज हमदर्द लैबोरेट्रीज इंडिया न केवल रूह अफजा बनाती है, बल्कि इसके पास 600 से ज्यादा उत्पाद हैं और यह कंपनी 25 से अधिक देशों में अपना व्यवसाय करती है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में कंपनी ने 1,843 करोड़ रुपये की कमाई की, जो इसके निरंतर विकास को दर्शाता है।रूह अफजा की कहानी हमें यह बताती है कि एक छोटे से दवाखाने में शुरू हुआ यह शरबत आज भारतीय उपमहाद्वीप की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। इसमें वह मिठास है, जो न केवल गले को राहत देती है, बल्कि लोगों के दिलों को भी जोड़ती है। यही वजह है कि रूह अफजा, आज भी, सिर्फ एक शरबत नहीं बल्कि एक विरासत है।

**रूह अफ़ज़ा की परंपरा और पतंजलि की रणनीति के बीच फंसे छोटे ब्रांड**

भारत में शर्बत का उद्योग बहुत बड़ा और लोकप्रिय है। यहां कई देसी ब्रांड्स मौजूद हैं जैसे हमदर्द का रूह अफ़ज़ा शर्बत, पायोमा इंडस्ट्रीज का रसना, बैद्यनाथ का शंखपुष्पी शर्बत और कूलर शर्बत, मैप्रो का गुलाब शर्बत और लेमन बार्ली वाटर, जय गुरूजी का नींबू स्क्वॉश शर्बत, मेहसन्स का केसरिया बादाम ड्राई फ्रूट शर्बत और खस शर्बत, 777 का नन्नारी शर्बत, डाबर का शरबत-ए-आज़म, गुलाब्स की ठंडाई, श्रीजी का खस और काला खट्टा, कृष्णा हर्बल का बेल शर्बत, वेलनेस शॉट का शरबत-ए-गुलाब, आरके होम मेड का मसाला काला खट्टा और निशा's का चंदन गुलजार शर्बत प्रमुख हैं। ये सभी ब्रांड्स गर्मी में शरीर को ठंडक देने वाले, पारंपरिक स्वाद से भरपूर और प्राकृतिक शुद्धता में विश्वास रखने वाले हैं। लेकिन इन सबके बीच रूह अफ़ज़ा की एक खास जगह है ये न केवल स्वाद के लिए, बल्कि एक परंपरा, एक विरासत के रूप में देखा जाता है। अब ऐसे माहौल में जब पतंजलि जैसी बड़ी कंपनी शर्बत के बाजार में कदम रखने की तैयारी कर रही है, तो रूह अफ़ज़ा जैसी स्थापित और ऐतिहासिक ब्रांड को सीधी चुनौती देना आसान नहीं होगा। इसका स्वाद, गुणवत्ता और उपभोक्ताओं से भावनात्मक जुड़ाव ही इसकी सबसे बड़ी ताकत है।

**छोटे ब्रांड्स पर असर**

हालांकि, पतंजलि की एंट्री छोटे और स्थानीय शर्बत ब्रांड्स के लिए वाकई बड़ी चुनौती बन सकती है। वजह साफ़ है पतंजलि के पास एक विशाल उत्पादन नेटवर्क है, देशव्यापी वितरण प्रणाली है, और एक मज़बूत ब्रांड छवि भी है जो आयुर्वेद और प्राकृतिक उत्पादों से जुड़ी हुई है। इसके अलावा, पतंजलि अपने उत्पादों को आमतौर पर कम कीमत पर बेचती है। बड़े पैमाने पर उत्पादन के चलते उनकी लागत कम आती है, जिससे वो बाजार में किफायती दाम पर क्वालिटी उत्पाद पेश कर सकते हैं। ये वो चीज़ है जो छोटे ब्रांड्स के लिए करना मुश्किल है, क्योंकि उनके संसाधन सीमित होते हैं। छोटे ब्रांड्स, जिनके पास विज्ञापन का बजट सीमित होता है, इस प्रतियोगिता में पिछड़ सकते हैं।

**"शर्बत जिहाद" बयान और ब्रांड छवि**

हाल ही में बाबा रामदेव ने एक विवादास्पद बयान दिया जिसमें उन्होंने "शर्बत जिहाद" जैसे शब्द का इस्तेमाल किया। उन्होंने दावा किया कि कुछ शर्बत ब्रांड्स अशुद्ध सामग्री का उपयोग कर रहे हैं। यह बयान उपभोक्ताओं के बीच भ्रम और भय पैदा कर सकता है, और पतंजलि की ब्रांड छवि पर भी असर डाल सकता है। हालांकि, रूह अफ़ज़ा जैसे लंबे समय से विश्वसनीय और प्रतिष्ठित ब्रांड को इससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि लोगों का उस पर भरोसा गहराई से जुड़ा है। लेकिन नए और छोटे ब्रांड्स, जो पहले से ही बाज़ार में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रहे हैं, ऐसे बयानों से प्रभावित हो सकते हैं। एक ओर रूह अफ़ज़ा अपनी परंपरा और गुणवत्ता के दम पर अपनी जगह बनाए हुए है, वहीं पतंजलि की रणनीति और ब्रांड ताकत छोटे शर्बत निर्माताओं के लिए बड़ी चुनौती बन सकती है। ऐसे में सवाल यह नहीं कि क्या पतंजलि रूह अफ़ज़ा को पछाड़ पाएगी, बल्कि यह है कि क्या छोटे-छोटे देसी ब्रांड्स इस प्रतियोगिता में टिक पाएंगे?

## दक्षिण

विवेक शुक्ला



# अब तमिलनाडु में किला फतह चाहती है भाजपा

दक्षिण के चार में से तीन राज्यों में अपनी ठोस उपस्थिति दर्ज करना चुकी भारतीय जनता पार्टी अब तमिलनाडु में भगवा झंडा फहराने का निश्चय कर चुकी है। कर्नाटक में कई बार भाजपा सत्ता का स्वाद चख चुकी है, आंध्र प्रदेश में इस समय सत्ता की भागीदार है, तेलंगाना में भी भाजपा मजबूत पकड़ बना चुकी है, केवल तमिलनाडु ही है, जहां भाजपा कई दशकों से उपस्थिति दर्ज कराने के बावजूद हुंकार नहीं भर पा रही है। भाजपा के लिए यह चिंता के साथ चिंतन का भी विषय रहा है और इसी प्रक्रिया का एक हिस्सा एआईडीएमके और भाजपा के ताजा गठबंधन की घोषणा भी है। इस गठबंधन को सहज बनाने और पार्टी के अनुरूप इसका स्वरूप देने का श्रेय गृहमंत्री अमित शाह को जाता है, क्योंकि इस बार यह काम उतना आसान नहीं था। एआईडीएमके और भाजपा के बीच गठबंधन नया नहीं है। 1998 में ही भाजपा ने इस पार्टी के साथ गठबंधन की नींव डाल दी थी। 1998 की अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बनाने का श्रेय एआईडीएमके को जाता है। जे जयललिता का जब तक जीवनकाल रहा,तब तक भाजपा नेतृत्व के साथ एआईडीएमके का नजदीकी संबंध बना रहा। जब 1999 में जयललिता ने कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया तो करुणानिधि ने डीएमके को भाजपा के साथ जोड़ लिया और 2004 तक सत्ता का सुख लेते रहे। भाजपा ने राज्य में अपना आधार बढ़ाने के लिए एकला चलो रे की नीति अपनाई और तेज तर्रार पूर्व आईपीएस अन्नामलाई को नेतृत्व सौंप दिया। अन्नामलाई ने डीएमके के साथ-साथ एआईडीएमके को भी निशाने पर लिया और राज्य भर में दौरा किया। नतीजा यह हुआ कि 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले एआईडीएमके ने एनडीए को बाय-बाय कह दिया और कुछ साथियों को लेकर चुनाव में उतर आए। नतीजा न भाजपा के पक्ष में आया और न ही एआईडीएमके के पक्ष में। डीएमके ने पूरी मलाई खा ली। भाजपा के साथ-साथ एआईडीएमके को भी यह आभास हो गया कि 46 प्रतिशत वोट शेयर के साथ सत्ता में आई डीएमके को अगले साल होने वाले विधान सभा चुनाव में हराने के लिए 11 प्रतिशत वोट शेयर रखने वाली बीजेपी को साथ लेना आवश्यक है। यहां भूमिका अमित शाह की आनी ही थी, वह दो दिन के लिए चेन्नई गए और फिर गठबंधन की घोषणा कर के ही लौटे। इसके पहले भी अमित शाह कई राजनीतिक संभावनाओं को संभव बना चुके हैं। त्रिपुरा, बंगाल और उड़ीसा के बाद अब भाजपा के लिए केरल और तमिलनाडु ही दो ऐसे प्रदेश बचे हैं, जहां बड़े कैनवास पर कमल खिलाना बाकी है। अगले साल तमिलनाडु विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। डीएमके दुबारा सत्ता में आने के लिए जो नुस्खा तैयार कर रही है, उसमें तमिल प्राइड और भाषा विवाद का घोल मिलाया जा रहा है। स्टालिन और उनका पूरा परिवार इस समय घोर भ्रष्टाचार और गैर कानूनी कामों में लिप्त है, लेकिन एजेंडा, हिंदी विरोध, दक्षिण के साथ केन्द्र का कथित सौतेला व्यवहार और मनमाने परिसीमन के बनाए जा रहे हैं। मोदी और अमित शाह को घोर सांप्रदायिक और फेडरल स्ट्रक्चर को बिगाड़ने वाले नेता के रूप में प्रचारित किया जा रहा है। सामान्य शिष्टाचार है कि राज्य में प्रधानमंत्री के दौरे के समय मुख्यमंत्री आगवानी करते हैं, लेकिन हाल ही में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तमिलनाडु के दौरे पर गए थे, तो जानबूझ कर मुख्यमंत्री स्टालिन गायब हो गए। जाहिर है कि डीएमके भाजपा विरोध के बजाय केंद्र से टकराव की राजनीति को आगे रखकर चुनाव लड़ना चाहती है। बीजेपी के लिए यह दोहरी चुनौती है। सामरिक रूप से तमिलनाडु एक संवेदनशील राज्य है, श्रीलंका के साथ उसका सीधा जुड़ाव है। चीन श्रीलंका में लगातार अपनी पैठ बढ़ा रहा है, ऐसे में तमिलनाडु में केंद्र की आंख बंद कर खिलाफत करने वाली पार्टी का सत्तासीन रहना देश हित के लिए गंभीर सवाल पैदा करता है। भाजपा, तमिलनाडु में होने वाले हर लोकसभा या विधानसभा चुनाव में हिस्सा लेती रही है, लेकिन बड़ी सफलता अभी तक नहीं मिली है। भाजपा के लिए तमिलनाडु केवल राजनीतिक संघर्ष का मैदान नहीं है, वैचारिक लडाई भी लड़ी जानी है। अमित शाह जमीनी हकीकत से हमेशा वाकिफ रहते है। उनके पास तमिलनाडु को लेकर साफ तस्वीरें हैं। वह एआईडीएमके के साथ अभी से कॉमन मिनिमम प्रोग्राम बना कर चलना चाहते हैं, लेकिन उन्हें अपना लक्ष्य पता है। डीएमके का अहंकार ही उनका मुख्य हथियार होगा। सत्ता परिवर्तन जनता के लिए यदि जरूरी है, तो उसे हासिल करने का तरीका भला अमित शाह से ज्यादा कौन जानता होगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सोया हुआ अमुनि और जागा हुआ मुनि



संकलित

**दर्शन**

अध्यात्म की नजर में सिर्फ जागा हुआ मनुष्य ही धर्मिक मनुष्य होता है, क्योंकि धर्म की परिभाषा में अपने प्रति सोया हुआ 'अमुनि' है और अपने प्रति असोया हुआ (जागा हुआ) 'मुनि' है। अब मनुष्य के समक्ष धर्म का सबसे महत्त्वपूर्ण प्रश्न यही है, सबसे महत्त्वपूर्ण जिज्ञासा यही है कि नींद में हम आपस में धर्म के नाम पर लड़ाई-झगड़े करते आ रहे है और एक-दूसरे और धार्मिक ग्रंथों को अपमानित करने से भी बाज नहीं आते। हम समझते हैं हम धर्म का काम कर रहे हैं, हम धर्म का झंडा ऊंचा कर रहे हैं। जागा हुआ इनसान यह जान जाता है कि 'मैं कौन हूं, क्या हूं।' वह जान जाता है कि मैं इनसान हूं, हिंदू, मुस्लिम, सिख या ईसाई नहीं हूं। जब इनसान इनसान बनकर जीता है, तो धर्म के नाम पर सभी झगड़े समाप्त हो जाते हैं। यही जागरण है और यही इसकी क्रांति है। अब सवाल पैदा होता है कि अगर हम सोए हुए हैं, तो हमारी तंद्रा (निद्रा) कैसे मिट सकती है, हम सपनों के बाहर कैसे हो सकते हैं, अज्ञानता से बंद हुई हमारी आंख कैसे खुल सकती है? महात्मा फरमाते हैं कि अगर सोए हुए मनुष्य को सही मायनों में जागना है, तो उसे एक निर्णय अपने हृदय में लेना जरूरी है कि ये सोया हुआ है, क्योंकि जब तक मनुष्य यह स्वीकार करने को राजी नहीं हो जाता कि ये वास्तविकता में सोया है, तब तक ये जागने की दिशा में कोई कदम नहीं रख सकता और जागने की दिशा का पहला सूत्र है कि मनुष्य अनुभव करे कि ये वाकई सोया हुआ है। अब अनुभव करने के लिए हमारा सारा जीवन प्रमाण है।

## जैसी होती है संगत, वैसी बहती जीवन की धारा



संकलित

**प्रेरणा**

हमारा जीवन कैसा है? पानी जैसा। जिसमें डालोगे वैसा हो जाता है। सत्संग में डालते हो, तो सत्संग में, उस ऊर्जा में, तुम वैसे हो जाते हो। जिस संगत में होते हो, वैसे तुम्हारी जीवन धारा बहने लगती है। जहां पर भी मन डालते हैं, वो उस रूप को ले लेता है। इसलिए भी सत्संग बहुत आवश्यक है। हो रहा है न? जब सत्संग में बैठते हैं तो पूरी आपकी जो चेतना है, बदल जाती है कि नहीं? सकारात्मक हो जाते हो उत्साह, स्फूर्ति, भक्ति। भक्ति के वातावरण में डालते हो तो भक्तिमय हो जाते हो तुम। लोभ और लालच उसमें डालोगे तो वैसे ही लोभ, लालच पकड़ लेगा दिमाग को। फिर वही सोचता रहेगा अरे, उसने इतना कमाया, इसने इतना किया, मैं इतना करूं। लोभ में, लालच में फिर मन आ जाता है। फिर तुम चुगली में लगाओगे, तो फिर चुगली भी होने लगेगी। जिसमें डालो मन, क्रोध में डालो, तो क्रोधित रहोगे। इतना क्रोध मन में बना रहेगा। कोई छोटी-मोटी बातों को लेकर क्रोधित रह सकता है। जिंदगी भर हम ऐसे रह सकते हैं। चिंता की झोली में डालेगे तो चिंतित ही रहोगे। ये नहीं, वो नहीं, दूसरा, तीसरा, चौथा, पांचवां। सो, चिंता में डालोगे तो चिंता। शोक में डालोगे तो शोक। कोई भी कारण न हो, तो हम ढूंढ ही लेते हैं कुछ न कुछ कारण दुखी रहने का। तो उस में डाल दो तो वो वैसा। और सिर्फ ऐश ही की आदत है तो अय्याशी करने की तो, अय्याशी में मन डालोगे तो वैसे ही, अय्याशी में ही दिन रात बीत जाएगी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सड़क पर बाजार

राजधानी की सड़कों पर बाजार से यातायात बाधित हो रहा है। आधी सड़क पर दुकानदारों का कब्जा होता है। ऐसे में वाहनों को आने-जाने में दिक्कत होती है और लंबी कतारें लग जाती हैं। संतोषी नगर अंडरब्रिज से मोतीनगर तक दोनों ओर दुकानदार सड़क पर सामान रख देते हैं। नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी औपचारिकता पूरी करते हैं। थोड़े दिनों बाद रास्ता ज्यों का त्यों हो जाता है।

*-शाहीन बेगम, रायपुर*

## ट्रेंड

### स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में बदलाव



हमारी सरकार ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में काफी बदलाव किए हैं। मेडिकल कॉलेजों और मेडिकल सीटों में उल्लेखनीय वृद्धि तक, हर कदम सभी के लिए सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### 'पंक्चर' हो गई कांग्रेस



इतिहास 'गवाह' है कि दशकों तक मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति करते-करते कांग्रेस खुद 'पंक्चर' हो गई है। इस कड़वी सच्चाई के बावजूद वह अभी भी ज़मीनी हक़ीकत से कोसों दूर है। सच यह भी है कि क्षेत्रीय दलों की बैसाखियों पर घिसटने के अलावा उसके सामने कोई दूसरा रास्ता ही नहीं है।

-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र

### बिहार को मुक्ति मिलेगी



आने वाले चुनाव में बिहार की जनता को हम एक सशक्त, सकारात्मक, न्यायप्रिय व कल्याणकारी विकल्प देंगे। भाजपा और उसके अवसरवादी ठगबंधन से बिहार को मुक्ति मिलेगी। सभी वर्ग के लोग महागठबंधन की सरकार चाहते हैं।

- मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### जुनून की कोशिश करो



जब आप किसी चीज के प्रति वास्तव में भावुक नहीं होते हैं, तब हर सांसारिक समस्या एक दानव बन जाती है, जुनून की कोशिश करो। समर्पित रहो और देखो कि ब्रह्मांड तुम्हारे प्रति कैसी प्रतिक्रिया करता है।

- शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

### अमेरिकी मौसम एजेंसी को वित्त कटौती से भारत पर होगा प्रभाव



अमेरिकी मौसम एजेंसी 'नेशनल ओसिएनिक एंड एटमोस्फेरिक एडमिनस्ट्रेशन' (एनओएए) की वित्तीय मदद में कटौती संबंधी अमेरिका सरकार का फैसला भारत की मौसम निगरानी एवं पूर्वानुमान क्षमताओं को प्रभावित नहीं करेगा, बल्कि इसका दीर्घावधि में असर देखने को मिल सकता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एनओएए जलवायु, मौसम, महासागरों और तटों में होने वाले बदलावों की निगरानी और पूर्वानुमान व्यक्त करती है। यह भारत सहित कई देशों के साथ इस डेटा को साझा करती है, जिससे उन्हें अपने मौसम पूर्वानुमान की सटीकता में सुधार करने में मदद मिलती है। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में सचिव एम रविचंद्रन ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान सवालों का जवाब देते हुए कहा कि भारत की मौसम पूर्वानुमान क्षमता फिलहाल अप्रभावित रहेगी, लेकिन बाद में इसके परिणाम देखने को मिल सकते हैं। उन्होंने कहा, वे निगरानी प्रणाली में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, विशेष रूप से महासागर में चाहे वह हिंद महासागर हो या प्रशांत महासागर। यदि इसमें कमी की जाती है, तो हमारे मौसम पूर्वानुमान पर प्रभाव पड़ेगा।

## ऑफ बीट

### महर्षि मार्कंडेय के तप के आगे यमराज हुए बेबस



मार्कंडेय मंदिर बिलासपुर से 20 किमी. की दूरी पर स्थित है। मंदिर के ऊपर व्यास गुफा है। मंदिर को ऋषि मार्कंडेय का जन्म स्थान भी माना जाता है। पौराणिक गाथा के अनुसार मृकंडु ऋषि की घोर तपस्या के बाद भगवान शिव ने पुत्र रत्न का वरदान दिया। लेकिन वरदान के साथ उन्होंने पुत्र के अल्पायु होने का भी जिक्र कर दिया। ज्यों-ज्यों पुत्र की आयु बढ़ती गई, पिता चिंताग्रस्त रहने लगे। बालक मार्कंडेय कुशाग्र बुद्धि होने के साथ पितृभक्त भी थे। उन्होंने अपने पिता के मन को कुरेद कर चिंता का कारण जान लिया तथा इस चिंता से मुक्ति के लिए भगवान शिव की तपस्या आरंभ की। जब उनकी आयु 12 वर्ष होने में केवल तीन दिन शेष रह गए, तो उन्होंने रेत का शिवलिंग बनाया और शिव की तपस्या में लीन हो गए। यमदूत उनके प्राण हरण करने के लिए आए, लेकिन उस शिवलिंग में से आग की लपटें निकलीं व यमदूतों की ओर बढने लगीं। हारकर यमराज को सारा हाल सुनाया। स्वयं यमराज जब वहां आए तो मार्कंडेय जी ने शिवलिंग को बांहों में पकड़ लिया। शिवलिंग में से शिव प्रकट हुए तथा उन्होंने यमराज को वापस यमपुरी जाने का आदेश दिया। उस स्थान पर पानी का झरना फूट पड़ा, जिसे आज मार्कंडेय तीर्थ के नाम से जाना जाता है।

रॉयल पत्रिका

# मनोहरपुर में पूरी रात बरसा कविताओं का रस

## -आपको सम्पूर्ण जनशक्ति का फाउंडेशन सौप रहे हैं - कवि कमल मनोहर

मनोहरपुर,(रॉयल पत्रिका)। मनोहरपुर गांधी चौक में कल भव्य कविसम्मेलन का आयोजन रामरिछपाल दास जी महाराज परमानन्द जी के महाराज व कमलदास जी के सानिध्य मे जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्रसिंह के मुख्य आथित्य एव रामचंद्र यादव की अध्यक्षता में सम्पूर्ण जनशक्ति फांउडेशन द्वारा किया गया।



इस कार्यक्रम में शाहपुरा नगपरिषद के अध्यक्ष बंशी सैनी भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेश सैनी पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा संयोजक राधेश्याम नवरग सहसयोजक रोहित गुर्जर उपेंद्र आत्रे महेश भारद्वाज शिवम शर्मा फाउंडेशन की अध्यक्षा ममता शर्मा सचिव सम्पूर्णानंद शर्मा महीपाल गुर्जर अतुल बुटोल राहुल सैनी जयराम गणेश डी सी आशाराम सहीत कई लोग उपस्थित रहे य अवसर पर राव राजेन्द्र सिंह को इकावन किलो की माला एव प्रतीक भेट किया वही देवायुष सिंह बेअंत सिंह राजेन्द्र यादव कृष्णा विद्या मंदिर इंद्र अग्रवाल विमल केशुका उत्सव फ्लावर का सम्मान किया गया।

पुरी रात चले इस कार्यक्रम में रिछपाल दास जी हिंदू समाज को एक जुट होने की बात कही कार्यक्रम का मंच संचालन अविनाश लाटा ने किया ।

कवि सम्मेलन का संचालन करते हऐ कवि कमल मनोहर ने कहा की हम आपको विश्व गुरू भारत सा नेशन सौंप रहे. यानी आपको सम्पूर्ण जनशक्ति का फांउडेशन सौप रहे हैं।

सरस्वति वंदना हाथरस से आयी मोनिका देहलवी ने की वही प्रारम्भ अयोध्या से आये सात्विक नीलदिप ने किया उमेश उत्साही ने महाराणा प्रताप और भगवान राम पर कविता तूभी बच्चा राम का मैं भी बच्चा राम का सुनाई
भीलवाड़ा के कवि दिपक पारीक ने रावण के पटाखे पार्षदों के बच्चे छोड़ रहे थे। सुनाकर नगरपालिका के भ्रष्टाचार को रेखांकित किया ईटावा से आये देश के ख्यातनाम कवि राम भदावर ने अपने अंदाज में युवाओं में जोश भर दिया उन्होंने कहा जब युद्ध घड़ी आई तो युद्ध क्या दुपट्टो से लडोगे सुनाई बांरा से आए कवि सुरेन्द्र यादवेंद्र ने हास्य व्यंग्य से खूब गुदगुदाने का काम स्व उन्होंने जमकर पाकिस्तान यलपेटा मेरठ से आई डा शुभम त्यागी ने प्रेम मोहब्बत के गीत तो स्थानीय कवि कल्याण गुर्जर ने भी शानदार कविता पाठ किया कवि सम्मेलन भोर के तीन बजे तक चला और आसपास के गांवों से आए श्रोताओं ने खूब आंनद लिया।

# मनिहार विकास समिति की नवगठित कार्यकारणी गठित

## -इस्लामुद्दीन खान अध्यक्ष हाजी इकरामुद्दीन सचिव निर्वाचित

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मनिहार विकास समिति के 5 अप्रैल 2025 को दिवार्षिक चुनाव संपन्न हुए जिसमें रिटायर्ड चीफ इंजीनियर आईडी खान अध्यक्ष एवं हाजी इकरामुद्दीन सचिव सर्वसम्मति से चुने गए। कार्यकारिणी के दूसरे पदाधिकारीयों एवं सदस्यों का चुनाव भी सभी समाज बंधुओ की सहमति से किया गया। इस्लामुद्दीन खान लगातार दूसरी बार समाज के अध्यक्ष चुने गए हैं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष इस्लामुद्दीन खान राजस्थान सरकार के जलदाय विभाग में चीफ इंजीनियर के पद से रिटायर्ड हुए हैं। इस्लामुद्दीन खान ने समाज के शिक्षा के स्तर के उच्च स्तर पर ले जाने के लिए सीकर में हॉस्टल बनाने की पहल की थी। उन्होंने हॉस्टल बनाने के वायदे को पूरा करने के लिए समाज के कर्मठ और समाज को समर्पित लोगों की टीम बनाई और मात्र एक वर्ष में समाज के छात्रों के लिए तीन मंजिला हॉस्टल बनकर तैयार कर दिया। हॉस्टल में छात्रों का एडमिशन शुरू हो गया है। दूसरी तरफ दूसरी बार अध्यक्ष बनने पर अध्यक्ष इस्लामुद्दीन खान के नेतृत्व ने मनिहार विकास समिति में समाज सुधार के लिए कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए जिसमें किसी के इंतकाल में बड़े खाने पर पाबंदी लगाने और निकट संबंधियों को और मदरसे के 10 11 बच्चों को बुलाकर कुरान खानी करवाने पर भी गुजारिश की।



समाज की बैठक सीकर में मनिहार विकास समिति द्वारा संचालित हॉस्टल में हुई और जिसमें निर्वाचित संपूर्ण **कार्यकारिणी इस प्रकार है –**

"संरक्षक"- 1. हाजी बदरूदीन-खेड़ी राङान 2. हाजी ईस्माइल कुरैशी-नीमकाथाना

1. इस्लामुद्दीन ख़ान - अध्यक्ष 2. □हाजी इकरामुद्दीन सैयद – सचिव 3. □एडवोकेट मो. हनीफ़ - उपाध्यक्ष 4. □हाजी रसूल बक्श - उपाध्यक्ष 5. □हाजी रफीक मोहम्मद - उपाध्यक्ष 6. □जमील कुरैशी - संयुक्त सचिव 7. □मोहम्मद इक़बाल - उप सचिव 8. □हाजी नानू ख़ान - कोषाध्यक्ष 9. इब्राहिम ख़ान - उपकोषाध्क्ष 10. हाजी सदीक मोहम्मद- मुख्य प्रवक्ता 11. अजीज मोहम्मद सैयद -आई.टी. / प्रवक्ता 12. एड.सदीक मोहम्मद- सलाहकार 13. हाजी जाकीर मोहम्मद- संगठन मंत्री (जयपुर) 14. अजीज मोहम्मद टीटनवाङ- संगठन मंत्री 15. हाजी यासीन अली- संगठन मंत्री 16. जब्बार ख़ान- संगठन मंत्री (गंगानगर ब्लाक) 17. रफीक मोहम्मद- संगठन मंत्री 18. सिकंदर अली सैयद- शिक्षा प्रकोष्ठ प्रभारी

सदस्य - 1. हाजी फजलुर्रहमान जयपुर 2. रफीक शेख सी.आई. जयपुर 3. हाजी मोहम्मद मुस्तफा जयपुर 4. हाजी निजामुद्दीन खण्डेला 5. सिराज खान मुकन्दगढ 6. अब्दुल हमिद जयपुर 7. शमसेर खान सुल्ताना 8. नजीर मोहम्मद चौमू 9. गुलाब खान पचलंगी 10. इकबाल मोहम्मद सुदरपुरा 11. अकबर अली नंगली सलेदीसिंह 12. मुमताज अली चनाना 13. तोफीक मोहम्मद गुढागोङजी 14. सरवर खान जाखल 15. सलीम मोहम्मद उदयपुरवाटी 16. यूनुस अली उदयपुरवाटी 17. हबीब मोहम्मद नवलगढ

# पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए विधायक के प्रयास रंग लाए

## -1.93 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति जारी

मनोहरपूर,(रॉयल पत्रिका)। गर्मी के मौसम में पानी की समस्या से जूझ रहे शाहपुरा क्षेत्रवासियों के लिए राहत भरी खबर है। क्षेत्र में पेयजल संकट को दूर करने के लिए कांग्रेस विधायक मनीष यादव द्वारा किए गए सतत प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र में नवीन ट्यूबवेल, ख़राब ट्यूबवेल, ट्यूबवेलों की डीपनिग मी, ख़राब मोटर तथा पाइपलाइन के विकास कार्यों के लिए राशि 1.93 करोड़ से अधिक की प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर दी गई है। गोरतलब है कि विधायक यादव ने बजट सत्र के दौरान तारांकित प्रश्न के माध्यम से क्षेत्र में पेयजल समस्या का मुद्दा पुरज़ोर तरीक़े से उठाया था जिस पर जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने सूखे ट्यूबवेलों के विरुद् क़स्बा मनोहरपुर में 2 ट्यूबवेल तथा शाहपुरा में 5 ट्यूबवेलों की स्वीकृति दी थी तथा शाहपुरा क्षेत्र के ख़राब पड़े ट्यूबवेलों में मोटर, पाइप, केबल व केसिंग लाइनो के लिए अलग से 96 लाख की स्वीकृति जारी की थी। जिसकी कुल मिलाकर 1 करोड़ 93 लाख 72 हज़ार रुपये की जलदाय विभाग द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई है।



जिसके तहत मनोहरपुर क़स्बे में नवीन ट्यूबवेलों व ख़राब ट्यूबवेलों की मरम्मत के लिए 67लाख 68 हजार रुपये, शाहपुरा क्षेत्र में ट्यूबवेलों के लिए 29 लाख 88 हज़ार रुपये, शाहपुरा कनिष्ठ अभियंता क्षेत्र के अधीन मोटर व अन्य कार्यों के लिए की 18 लाख 51 हजार रुपये, मनोहरपुर कनिष्ठ अभियंता क्षेत्र के अधीन मोटर व अन्य कार्यों के लिए की 23 लाख 7 हज़ार रुपये, अमरसर कनिष्ठ अभियंता क्षेत्र के अधीन मोटर व अन्य कार्यों की मरम्मत के लिए की 33 लाख 55 हजार रुपये, हनुतपुरा गाँव में पाइपलाइन के लिये 21 लाख 33 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई है।

विधायक ने कहा कि शीघ्र ही ट्यूबवेलो, मोटर व अन्य कार्यों की वित्तीय स्वीकृति जारी करवाई जाएगी ताकि क्षेत्रवासीयो को गर्मी में पेयजल से राहत मिले। क्षेत्रवासीओ ने प्रशासनिक स्वीकृति जारी होने क्षेत्रीय विधायक का आभार जताया।

# भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर ऐतिहासिक शोभायात्रा

मनोहरपुर,(रॉयल पत्रिका)। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती शाहपुरा में अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर शहर में एक ऐतिहासिक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शोभायात्रा में विधायक मनीष यादव ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए डॉ. अंबेडकर के योगदान को नमन किया। सुबह बिदारा में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके उपरांत जयघोषों के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरती इस शोभायात्रा ने पूरे शहर का माहौल 'जय भीम', 'संविधान निर्माता अमर रहें' के नारों से गुंजायमान कर दिया। शोभायात्रा में सजी झांकियों ने डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष, शिक्षा, सामाजिक आंदोलन और संविधान निर्माण में उनके योगदान को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। महिलाएं, युवा, बच्चे और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शोभायात्रा में शामिल हुए। शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों एवं चौराहों पर शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।




रैली के बाद शाहपुरा के निजी गार्डन में विचार संघोष्टि का आयोजन किया गया। विधायक मनीष यादव ने संबोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल एक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और समानाधिकार की विचारधारा हैं। उनके सिद्धांत आज भी सामाजिक समरसता और संविधान की गरिमा को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए प्रेरणा देते हैं।

NSUI के प्रदेशाध्यक्स विनोद जाखड़ ने कहा कि बाबा साहेब के जीवन से हमे शिक्षित बनने और संगठित रहकर संघर्ष करने की प्रेरणा मिलती है।

आयोजन कर्ता जगदीश बुनकर,रामेश्वर गोरेटा, मुकेश ख़ुडानिया, सावरमल आदि ने सभी आगंतुकों का आभार जताया।

समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भी इस अवसर पर संबोधित करते हुए डॉ. अंबेडकर के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

इस दौरान पूर्व चेयरमैन बद्री सैनी, पीसीसी सचिव प्रवीण व्यास , पूर्व प्रधान नंदलाल गोठवाल, ब्लॉक अध्यक्ष नाथू सैनी, पूर्व चेयरमैन प्रेम देवी, प्रभु दयाल, अर्जुन मोहनपुरिया, रामावतर, पूरणमल बुनकर, चंद्रभान पलसानिया,पवन जोशी, लालचंद मीणा, पूजा नांगोलिया मुखराम चान्दोलिया, सुशीला बुनकर मनींद्र, प्रभु समेत कई लोग मौजूद रहे।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने देखा परकोटे के हैरिटेज स्वरूप एवं इसके सौन्दर्यकरण के कार्यो का प्रस्तुतिकरण

जयपुर, (रॉयल पत्रिका) । उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में मंगलवार को "जयपुर पराकोटे के हैरिटेज सिटी स्वरूप को बनाए रखने और इसके संरक्षण को लेकर मंगलवार को सचिवालय में बैठक आयोजित की गई। उपमुख्यमंत्री के समक्ष बैठक में परकोटे के हैरिटेज स्वरूप एवं इसके सौन्दर्यकरण के कार्यो का प्रस्तुतिकरण दिया गया।



उपमुख्यमंत्री ने आयुक्त नगर निगम (हैरिटेज) को निर्देश दिए की परकोटा क्षेत्र का विकास एवं सौन्दर्यकरण सरकार की प्राथमिकता है। किन्तु यह उसके पुराने स्वरूप के अनुरूप होना चाहिए। वाल्ड सिटी के हैरिटेज स्वरूप को देखने प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में पर्यटक जयपुर भ्रमण हेतु आते हैं। इस बात को ध्यान में रखकर परकोटा क्षेत्र की विशेष साफ-सफाई, जगह-जगह डस्टबिन्स, परकोटा क्षेत्र के पर्यटक स्थलों के आस-पास ही हैरिटेज लुक के टॉयलेटस् निर्मित करने हैं।

उपमुख्यमंत्री निर्देश दिए कि परकोटा क्षेत्र को बैनर-पोस्टर से मुक्त करते हुए एक समान आकार के साइनेज लगाए जाने हैं।उन्होंने कहा कि परकोटा क्षेत्र में झूल रहे बिजली के एवं अन्य तारों को भूमिगत करना है।

दिया कुमारी ने परकोटा क्षेत्र में यातायात को लेकर विशेष प्रबंध किए जाने हेतु पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए। रामनिवास बाग स्थित पार्किंग के सुचारू संचालन एवं वहां से परकोटे में आने वाले यात्रियों को वाहनों की प्रर्याप्त सुविधा उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को विरासत संग्रहालय की प्रगति के संबंध में निदेशक पुरातत्व द्वारा अवगत कराया गया कि इसे संग्रहालय के रूप में विकसित करने का कार्य प्रक्रियाधीन है।

दिया कुमारी ने पर्यटक सुविधा केन्द्र (TFC) के संबंध में JDA के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसे शीघ्र ही पर्यटन विभाग को स्थानान्तरित करें ताकि विभाग इसे पर्यटकों की सुविधा हेतु विकसित कर सके। परकोटा क्षेत्र में संचालित मेट्रो रेल का संचालन इस तरह से हो की अधिक से अधिक लोग इसका उपयागे कर सके।

उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि परकोटा क्षेत्र में दुकानदारों द्वारा बरामदों में सामान रख कर अतिक्रमण कर लिया जाता है इन्हें नियमित रूप से नगर निगम हटाए ताकि पदे ल यात्री इनका उपयागे कर सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जलमहल एवं आमेर के संरक्षण एवं सौन्दर्यकरण के कार्य शीघ्र शुरू किए जाए।

बैठक में आयुक्त, नगर निगम हेरिटेज, निदेशक, जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन, संयुक्त शासन सचिव, पर्यटन, अतिरिक्त आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण, निदेशक, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, अतिरिक्त जिला कलक्टर, जयपुर, पुलिस अतिरिक्त उपायुक्त (उत्तर), अतिरिक्त निदेशक, पर्यटन, उप निदेशक, पर्यटन पुलिस सहायक उपायुक्त (यातायात), अधीक्षण अभियंता, जयपुर विद्त वितरण निगम लिमिटेड, उपस्थित रहे।

# महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय ने अरुण योगीराज को दी पीएचडी की मानद उपाधि



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि कला और कलाकारों का सम्मान भारतीय संस्कृति की परम्परा रही है। शिल्पी अरुण योगीराज को पीएचडी की पहली मानद उपाधि प्रदान कर महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय ने इस परंपरा का बेहतर निर्वहन किया है।

राज्यपाल ने मंगलवार को महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में अरुण योगीराज के मानद उपाधि सम्मान कार्यक्रम के दौरान यह बात कही।

राज्यपाल ने कहा कि योगीराज इस उपाधि के लिए सर्वथा योग्य हैं। योगीराज ने अत्यंत कम उम्र में शिल्प की गहरी साधना की है। उन्होंने कहा कि अयोध्या के श्रीराम मंदिर में योगीराज द्वारा बनाई गई मूर्ति जीवंत है। उन्होंने योगीराज के कला कौशल्य की सराहना की और कहा कि हमारे देश में हजारों वर्षों से अच्छी मूर्तियां बनाने की परंपरा रही है। आज भी देश और प्रदेश में ऐसे कलाकार हैं, जिनकी कला को बेहतर पहचान मिली है।

राज्यपाल ने कहा कि योगीराज सिर्फ एक मूर्तिकार नहीं बल्कि भारतीय शिल्प कला की समृद्ध परंपरा के जीवंत प्रतीक हैं। योगीराज ने मूर्तिकला की विरासत को अपनाया और इसे नई ऊंचाइयां दी।

राज्यपाल ने कहा कि योगीराज को दिए गए अभिनंदन पत्र को विश्वविद्यालय में भी प्रदर्शित किया जाए, जिससे युवा विद्यार्थियों को प्रेरणा मिले और वे भी इनका अनुसरण कर सकें।

मानद उपाधि प्राप्त करने के पश्चात अरुण योगीराज ने कहा कि यह भारत की समृद्ध कला परंपरा का सम्मान है। उन्होंने कहा कि वह पांच पीढ़ियों से शिल्प की साधना कर रहे हैं।

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने कहा कि योगीराज ने लोह पथ पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस, केदारनाथ में आदि शंकराचार्य, अमरनाथ में नंदी की प्रतिमा भी बनाई। उन्होंने कहा कि योगीराज ऐसे ऋषि हैं, जिन्होंने अपनी शिल्पकला के माध्यम से सांस्कृतिक विरासत की संजीता और मूल्यों को विशेष पहचान दी है।

इससे पहले राज्यपाल ने अरुण योगीराज को पीएचडी की मानद उपाधि प्रदान की।

# राज्य बजट 2025-26 की सौगातों के लिए आमजन ने जताया आभार

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। कृषि, उद्यानिकी एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने आमजन की समस्याओं का उनके द्वार पर जाकर समाधान करने के उद्देश्य से मंगलवार को सवाई माधोपुर जिले के मलारना डूंगर, मलारना चौड़ एवं भाड़ौती में मंत्री आपके द्वार जनसुनवाई का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।



जनसुनवाई के दौरान कृषि मंत्री ने विद्त, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी, सार्वजनिक निर्माण एवं चिकित्सा सहित विभिन्न विभागों की आमजन से संबंधित 200 से अधिक परिवेदनाओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। मंत्री आपके द्वार जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत मलारना डूंगर में परिवादी राजकुमार के यहां विद्त कनेक्शन करवाने के परिवाद पर मंत्री ने तत्काल प्रभाव से परिवादी के घर पर विद्त कनेक्शन करवाने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारी को प्रदान किए।इस दौरान खोर्रापाड़ा में विद्त पोल लगवाने, सैनीपुरा फीडर की विद्त लाईन को सुचारू रखवाने, पंजाब नेशनल बैंक के पास डीपी के तार बदलवाने, फीडर नंबर 2 पर क्षतिग्रस्त विद्त लाईन को बदलवाने, 11 केवी विद्त लाईन हटवाने, डिमाण्ड नोटिस की राशि जमा करवाने के पश्चात भी विद्त कनेक्शन नहीं करने, खराब 11 केवी विद्त लाईन की दुरूस्त करवाने, सांकड़ा से हरिरामपुरा तक सड़क निर्माण कार्य करवाने, सैनीपुरा की ढाणी में सीसी सड़क बनवाने, हैण्डपम्प लगवाने, ग्राम बालोली को ग्राम पंचायत बिच्छीदौना में यथावत रखने, बालोली रोड़ से देहरोली गांव तक ग्रेवल सड़क बनवाने, विद्त विभाग द्वारा बीसीआर में राहत दिलवाने, मायापुर डूंगरी से कांसला ढाणी तक डामरीकरण करवाने, ग्राम डिडवाड़ा में सीसी सड़क बनवाने, मलारना डूंगर के वार्ड नंबर 13 में मुख्य सड़क बाईपास से गाडोलिया लुहारिया देवता तक सीसी रोड़ मय नाली के निर्माण करवाने सहित 200 से अधिक प्रकरण प्राप्त हुए। मंत्री ने कई मामलों का मौके पर ही समाधान करवाया और बाकी प्रकरणों पर शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि गर्मी के मौसम में किसी भी गांव को पेयजल संकट से जूझना नहीं पड़े, इसके लिए विधायक निधि से विशेष राशि समर्पित की गई है, इससे बोरिंग एवं हेडपंप करवाई जा रही हैं, टंकियों को भरने हेतु व्यवस्था की जा रही है और आवश्यकता पड़ने पर कंटीजेंसी प्लान के अंतर्गत टैंकरों से जल आपूर्ति भी की जाएगी।

इस दौरान मंत्री ने विधायक कोष से मलारना डूंगर नवीन श्मशान गृह पर 10 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण व हैण्डपम्प लगवाने की घोषणा भी की है। साथ ही 700 मीटर की सीसी सड़क निर्माण की स्वीकृति भी दी। उन्होंने मनरेगा के माध्यम से ग्रामीण सड़को के निर्माण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने मलारना डूंगर बस स्टैण्ड के पास शौचालय की भूमि से अतिक्रमण हटवाने के निर्देश विकास अधिकारी को प्रदान किए।

इस दौरान राज्य बजट वर्ष 2025-26 में सवाई माधोपुर जिले को मिली सौगातों एवं लालसोट से सवाईमाधोपुर टू-लेन मेगा हाईवे को फोरलेन हाईवे रोड (डिवाईडर के साथ) स्वीकृत करवाने के संबंध में केंद्र सरकार से किये जा रहें प्रयास के लिए आमजन ने मंत्री का आभार जताया और उनका अभिनंदन किया। उन्होंने क्षेत्र में एमडीआर सड़क निर्माण और ग्रामीण सड़कों के उन्नयन की घोषणाएं करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है।

इस दौरान क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जयपुर महानगर द्वितीय में पीड़ित प्रतिकर बैठक का हुआ आयोजन

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अध्यक्ष (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), जयपुर महानगर द्वितीय श्रीमती रीटा तेजपाल की अध्यक्षता में मंगलवार को राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम एवं विधिक सहायता के तहत अधिवक्तागण को देय मानदेय एवं अण्डर ट्रायल रिव्यू समिति की बैठक का आयोजन हुआ।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) जयपुर महानगर द्वितीय की सचिव श्रीमती पल्लवी शर्मा ने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आमजन को त्वरित न्याय दिलाने के क्रम में हाल ही में जयपुर शहर के करणी विहार थाने के प्रकरण, जिसमें दुष्कर्म पीड़िता को बंधक बनाकर काम करवाया जा रहा था, में बालिका के पुनर्वास हेतु पीड़िता के आवश्यक दस्तावेज तलब कर 25 हजार रुपए की अंतरिम प्रतिकर राशि स्वीकृत की गई।

श्रीमती शर्मा ने कहा कि माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी एक्शन प्लान में दिए गए विभिन्न दिशा-निर्देशों की पालना में मीटिंग का आयोजन किया जाता है। उक्त प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए श्रीमान अध्यक्ष महोदय द्वारा त्वरित मीटिंग का निर्णय लिया गया और उक्त प्रकरण के अतिरिक्त मीटिंग में पीड़ित प्रतिकर स्कीम के तहत कुल 29 प्रार्थना-पत्र रखे गए जिन पर कमेटी के अध्यक्ष और सदस्यगण द्वारा विचार-विमर्श पर प्रतिकर राशि पारित किए गए।

बैठक में पीड़ित प्रतिकर में कुल 42 लाख 87 हजार 500 राशि का अवार्ड पारित हुआ। इसी के साथ विधिक सहायता के तहत नियुक्त अधिवक्तागण के देय मानदेय के संबंध में भी आवश्यक कार्यवाही की जाकर अधिवक्तागण को नियमानुसार देय मानदेय के ऑर्डर जारी किए गए। बैठक के क्रम में अण्डर ट्रायल बंदी जो विभिन्न कैटेगरी में कारागृह में निरुद्ध है, उनकी रिहाई की अनुशंषा कर संबंधित न्यायालयों को भेजे जाने के निर्देश एवं आदेश प्रदान किए।

बैठक में अनीष दाधीच न्यायाधीश श्रम न्यायालय क्रम 1 जयपुर महानगर द्वितीय, सुश्री कुंतल विश्नोई एडीएम 3 प्रतिनिधि जिला कलेक्टर जयपुर शहर, नवीन कुमार किलानिया मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जयपुर महानगर द्वितीय, सुश्री राशि डोगरा डूडी पुलिस उपायुक्त, जयपुर शहर उत्तर, अमित कुमार पुलिस उपायुक्त, जयपुर शहर पश्चिम, संदीप लुहाड़िया अध्यक्ष, बार एसोसिएशन, राकेश मोहन अधीक्षक, केन्द्रीय कारागृह, जयपुर उपस्थित रहे।

# ऊर्जा राज्य मंत्री ने बांसवाड़ा में ली अधिकारियों की बैठक



जयपुर, (रॉयल पत्रिका) । ऊर्जा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार हीरालाल नागर ने मंगलवार को बांसवाड़ा और डूंगरपुर जिले के बिजली विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली और अधिकारियों को नियमित निरीक्षण के माध्यम से कमियों को दूर कर बिजली की पर्याप्त और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने सहित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने टेढ़ी-मेढ़ी लाइनों को ठीक करने, कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने, आधारभूत संरचनाओं का ठीक प्रकार से रख - रखाव करने, कार्यों में कोताही नहीं बरतने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अधिकारी मुस्तैदी के साथ बिजली व्यवस्था का सुचारू संचालन करें। वे जीएसएस का नियमित निरीक्षण कर कमियों को दूर करें । उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की ओर से इस संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि गर्मी में सभी को पर्याप्त बिजली उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि फोन नहीं उठाने और कार्यों में कोताही बरतने पर संबंधित अधिकारी पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्त आपूर्ति में कोई व्यवधान न हो और सिस्टम ओवरलोड न हो, इसके लिए समुचित प्रबंध किए जाएं।

बैठक में बांसवाड़ा जिला प्रमुख रेशम मालवीया, गढ़ी विधायक कैलाश मीणा, समाजसेवी पूंजीलाल गायरी सहित जनप्रतिनिधि और बिजली विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पाली कांग्रेस प्रभारी हिमपाल सिंह देवल ने ली पाली शहर कलाम बाजार मंडल की संगठनात्मक बैठक

पाली,(रॉयल पत्रिका)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार पाली शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीवराज बोराणा के निर्देश पर आज पाली शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कलाम बाज़ार मंडल कांग्रेस की बैठक केरिया दरवाजा लोढा मार्केट पाली में अध्यक्ष शक़ील अहमद नागौरी की अध्यक्षता में एवं विधानसभा क्षेत्र पाली प्रभारी हिम पाल सिंह देवल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन हुई।

जिसमें पाली शहर कांग्रेस बाजार कलाम मंडल द्वारा बैठक में मौजूद पाली विधानसभा प्रभारी हिमपाल सिंह देवल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीज दर्द, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जीवराज बोराणा, पीसीसी सदस्य महावीर सिंह राजपुरोहित, कांग्रेस सेवादल प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन हटेला, पाली शहर ब्लॉक कांग्रेस संगठन महामंत्री भंवर राव का मंडल अध्यक्ष शक़ील अहमद नागौरी के नेतृत्व में मंडल क्षेत्र के पार्षद, वार्ड अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, वार्डो के वरिष्ठ कांग्रेसजनों द्वारा राजस्थानी परम्परागत रूप से साफा व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलाम बाजार मंडल अध्यक्ष शक़ील अहमद नागौरी ने मंडल क्षेत्र में संगठन द्वारा कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए की जा रही गतिविधियों से अवगत कराते हुए प्रदेश प्रभारी, जिला अध्यक्ष, शहर अध्यक्ष, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों को मंडल की जानकारी देते बताया कि मंडल की कार्यकरिणी के गठन से पूर्व मंडल के 18 वार्डो में 37 बूथ स्तर पर कार्यकर्ता नही होने के कारण संगठन में खोखलापन आ गया था । जिस पर प्रदेश, जिला शहर अध्यक्ष के निर्देशानुसार मंडल के सदस्यों ने हर बूथ पर अच्छे और सच्चे कांग्रेस व नए कांग्रेस विचारधारा से प्रेरित कार्यकर्ताओं की पहचान कर उनको पार्टी से जोड़ने के साथ बूथ एवं वार्ड लेवल के संगठन को मजबूत करने का काम जारी है। जिससे आगामी नगर निगम के चुनावों में वार्डो में बाहरी व धनबल से कांग्रेस का टिकट लाकर कांग्रेस का बेड़ा गर्क करने, लोगो से मुक्ति दिलाने के साथ कांग्रेस के बेदाग स्वच्छ छवि एवं मजबूत जनाधार वाले स्थानीय वरिष्ठ एवं मजबूत कार्यकर्ताओं को चिन्हित कर चुनावी मैदान में उतारने के लिए प्रदेश हाईकमान को अवगत कराने के साथ मंडल द्वारा चयनित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को टिकट दिलाने की सिफारिश करने के साथ कांग्रेस पार्टी का विजय परचम लहराने का प्रयास मजबूती से किया जा रहा है ।

जिससे ज्यादा से ज्यादा वार्डो से कांग्रेस के पार्षद चुनाव जीत कर वर्तमान भाजपा सरकार के कुशासन व दमनकारी नीतियों का विरोध कर आम जनता को सड़क, नाली, सीवरेज लाइन के साथ मंडल क्षेत्र के पानी से भराव से त्रस्त लोगों को राहत दिलाने के साथ आम जनता के जरूरी कार्य पूरा कराया जा सके व आमजन में कांग्रेस की छवि को मजबूत किया जा सके ।

प्रदेश प्रभारी हिमपाल सिंह देवल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपके मंडल पदाधिकारियों द्वारा बताई गई समस्याओं के निवारण के लिए प्रदेश कांग्रेस द्वारा लगातार महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे है। पूरे प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बायोडाटा को ऑन लाइन कर उनकी कांग्रेस के समपर्ण की मॉनिटरिंग की जा रही है। जिससे बूथ वार्डो व मंडल स्तर पर कार्यकर्ताओं को पार्टी व आमजन के लिए किए गए कार्यो का मूल्यांकन किया जाएगा व धनबल के आधार पर पार्टी का टिकट लाकर चुनाव लड़ने वाले लोगों पर लगाम लगाने के साथ ऐसे कार्यकर्ताओं जिससे कांग्रेस पारी में रहकर कांग्रेस को कमजोर करने वाले लोगों को कांग्रेस से विदा किया जाकर पार्टी को समर्पित कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सुपुर्द की जाएगी। जिससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा बना रहे व आगामी नगर निगम, परिषद, पालिका, पंचायत चुनावों में जमीन से जुड़े मजबूत कार्यकर्ताओं को अवसर मिलेगा ।



इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजीज दर्द, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जीवराज बोराणा, पी सी सी सदस्य महावीर सिंह राजपुरोहित, सेवादल प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन हटेला, शहर कांग्रेस संगठन महासचिव भंवर राव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं हक अधिकार के लिए सदैव कार्यकर्ताओं से साथ खड़ा रहने का भरोसा दिलाया ।

इस अवसर पर मंडल क्षेत्र के पूर्व पार्षद मोइनुद्दीन भाटी, आमीन अली रंगरेज, हाजी इंसाफ मोयल, मांगूसिंह दुदावत, रईस अली रँगरेज, जिला प्रवक्ता रफ़ीक चौहान, महेश परिहार, ओमप्रकाश रांकावत, रमेश परिहार, असगर कुरेशी, राजेश बलाई, मुनाजिर अली, रजा अली, जमाल खान घोसी, मोहम्मद सत्तार पठान, कमरुद्दीन पठान, निखिल बारिया, सरवन कंसारा, हाजी अनवर अली सिरोहा, गोपाल शर्मा, फारूक रंगीला, मूलचंद राठौड़, यासीन शबावत, मोइन नागौरी, अयूब अली रंगरेज, भावेश मेवाड़ा, तुलसीदास गरीब बाजार मंडल क्षेत्र समस्त पार्षदगण कांग्रेस के साथ संगठन के सभी बूथ व वार्ड अध्यक्ष पदाधिकारी समस्त ब्लॉक मंडल कांग्रेस के कार्यकर्ता बैठक में रहे व पाली शहर में कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने के लिए विचार विमर्श किया व संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए दिशा निर्देश व उपयोगी सुझावों पर विचारों विमर्श कर अमल करने का आह्वान किया अध्यक्ष नागौरी ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया ।


# हज टीकाकरण और प्रशिक्षण शिविर 22 अप्रेल को

## -प्रशिक्षकों के नेतृत्व में आयोजित होगा शिविर

बारां (रॉयल पत्रिका) । हज - 2025 के तहत हज के पाक सफर पर जाने वाले हाजियों के टीकाकरण एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मंगलवार 22 अप्रेल 2025 को जमात खाना बाबा फूल पीर साहब मांगरोल रोड पर आयोजित किया जाएगा।

राजस्थान स्टेट हज कमेटी के पूर्व सदस्य हाजी मोहम्मद अशफाक ने बताया कि बारां जिले से इस साल हज कमेटी द्वारा 37 हाजी और प्राइवेट टूर द्वारा 3 हाजी हज के मुकद्दस सफर पर जा रहे हैं, हज कमेटी आफ इंडिया के द्वारा जो हाजी हज के सफर पर जा रहें हैं उनके टीकाकरण जिला स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा नामित डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ की मौजूदगी में लगायें जायेंगे।

पूर्व जिला हज कमेटी संयोजक हाजी लियाकत अली मेव और प्रशिक्षक हाजी मोहम्मद सलीम बीड़ी वालों ने बताया कि तमाम हुज्जाजकिराम जमात खाना बाबा फूल पीर साहब मांगरोल रोड पर



सुबह 10 बजे तक पहुंच जाए जहां प्रशिक्षण कैंप का आगाज किया जाएगा हज प्रशिक्षको द्वारा हज के अरकान तफसील से बतायें जायेगें राजस्थान स्टेट हज कमेटी द्वारा नियुक्त हाजी मोहम्मद सलीम (बीड़ी वाले), हाजी लियाकत अली मैव, हाजी जमील अहमद अंसारी, हाजी मोहम्मद इक़बाल मेडिकल वाले, हाजी डॉक्टर जमील अहमद, अखलाक अहमद अंसारी मांगरोल, सरफराज अहमद, हज खिदमतगार लईक अहमद अंसारी, हज खिदमतगार आरज़ू अंसारी द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष व प्रतिपक्ष नेता के पाली पहुंचने पर कार्याकर्ताओ ने किया उत्साहपूर्वक स्वागत



मोहम्मद यासीन

पाली, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीका राम जूली के पाली आगमन पर सर्किट हाउस में प्रदेश कांग्रेस सेवादल उपाध्यक्ष मोहन हटेला एवं सेवादल जिलाध्यक्ष प्रकाश चौधरी के नेतृत्व में पाली जिला कांग्रेस सेवादल कार्यकर्ताओं द्वारा सेवादल संगठन की ओर से केप व सूत की मला पहनकर सेवादल परम्परागत भव्य स्वागत किया गया ।

इस दौरान विधायक भीमराज भाटी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजीज दर्द, लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व राज्य मंत्री श्रीमती संगीता बेनीवाल, पूर्व सांसद बद्री राम जाखड़, पीसीसी सदस्य महावीर सिंह राजपुरोहित, पाली प्रभारी हिमपाल सिंह देवल, पाली शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीवराज बोराणा भी मौजूद रहे इस अवसर पर घनश्याम भाटी, गुलाब सोडा, आमीन अली रंगरेज, धनराज आर्य, गिरधारी लाल मीणा, धन्नाराम सरगरा, सोहनलाल पालीवाल, नेमाराम सुथार, इब्राहिम शाह सहित सेवादल पदाधिकारी ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान डोटासरा ने सभी कार्यकर्ताओ से एक एक करके मुलाकात की वही सेवादल संगठन जिंदाबाद के नारे भी लगाए।

# जिला कलक्टर ने बलरिया में सुनी रात्रि चौपाल कर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण के लिए जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा की ग्राम पंचायत बलरिया के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में रात्रि चौपाल का आयोजन हुआ।

जिला कलक्टर ने रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुन मौके पर उपस्थित अधिकारियों को परिवादों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने ग्रामीणों को राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान और उन्हें अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

इस दौरान ग्रामीणों ने जॉब कार्ड बनवाने, जल जीवन मिशन के तहत किए गए नल कनेक्शनों में पानी नहीं आने, सड़क निर्माण करवाने, कब्जा सुपुर्द करवाने, खुले कुएं को ढकवाने, मनरेगा में काम दिलवाने, भूमि का आबादी भूमि में रूपांतरण करवाने सहित कुल 17 प्रकरण प्राप्त हुए। कलक्टर ने अधिकांश समस्याओं का समाधान मौके पर कर शेष के प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रदान किए।

उन्होंने अधीक्षण अभियंता जलदाय विभाग भगवान सहाय मीणा को निर्देश दिए कि उनकी टीम के साथ एरिया विजिट कर 16 अप्रैल तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन को पेयजल की निर्बाध आपूर्ति की जाए।

रात्रि चौपाल में पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया, उपनिदेशक आईसीडीएस प्रियंका शर्मा, उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मीना आर्य सहित जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# विशाल मेला प्रदर्शनी का होगा भव्य आयोजन



बारां (रॉयल पत्रिका) । अखिल भारतीय अग्रवाल महिला जिला संगठन इकाई बारां की महिला जिला अध्यक्ष नीतू गुप्ता ने बताया कि कोटा रोड स्थित सौभाग्य श्री मैरिज गार्डन में 26 व 27 अप्रैल को विशाल मेला प्रदर्शनी का भव्य आयोजन होगा संगठन द्वारा यह पांचवा सीजन होगा महामंत्री मधु गोयनका ने बताया कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए इस प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है जो महिलाएं घरों से काम करती है उन सबको एक जगह दी जाती है जहां वह अपने कारोबार को आगे बढ़ा सकती है और अपने आप को ऊंचाइयों पर ले जा सकती है इसमें जयपुर, इंदौर, आगरा, भोपाल, कोटा, रामगंजमंडी, झालावाड़, छीपाबड़ौद, बूंदी आदि जगहों से महिलाएं अपना रोजगार लेकर आ रही है जो घरों से अपने व्यापार को चलाती है जिसमें सभी महिलाओं को एक ही छत के नीचे खरीदारी करने का सुनहरा अवसर मिलेगा जिसमें सूट, साड़ी, दुपट्टे, फुटवियर, लहंगे, डिजाइनर ब्लाउज, हैंडमेड कई तरह के आइटम ज्वेलरी, टप्पर वेयर, आइटम गोगल घर के सजावटी आइटम उन से बने आइटम मिट्टी के खिलौने बने हस्तशिल्प, फूड स्टाल, चौपाटी का मजा होगा। कार्यक्रम में लक्की ड्रा निकाले जाएंगे जिसमें होगी गिफ्टों की बौछार। संगठन की सभी सदस्यों की सहायता से इस प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है।

# पदमपुरा गांव में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## -ग्रामीण महिलाओं एवं पुरुषों को दी स्वच्छता, पोषण एवं रोगों की रोकथाम की जानकारी

लाडनूं, (रॉयल पत्रिका)। जैन विश्वभारती संस्थान के शिक्षा विभाग एवं अहिंसा एवं शांति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पदमपुरा गांव में एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना, स्वच्छता और पौष्टिक जीवनशैली के प्रति संवेदनशील करना तथा जलजनित और संक्रामक रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी देना था। कार्यक्रम की शुरुआत गांव के सामुदायिक स्थल पर एक संवाद सत्र के साथ हुई, जिसमें ग्रामीणों की भागीदारी सराहनीय रही।

**स्वास्थ्य के लिए जरूरी है स्वच्छ जल, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और तनाव से मुक्ति**

अहिंसा एवं शांति विभाग के प्रतिनिधि डॉ. रविन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा कि स्वास्थ्य केवल बीमारी से मुक्त रहना नहीं है, बल्कि यह तन, मन और समाज की समग्र स्थिति का नाम है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर लोग छोटी बीमारियों को नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे वे बड़ी समस्याओं का रूप ले लेती हैं। उन्होंने स्वच्छ जल, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और मानसिक तनाव से बचाव पर बल दिया। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग की प्रतिनिधि डॉ. ममता पारीक ने कहा कि महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य समाज की नींव है। उन्होंने बाल्यावस्था में कुपोषण, किशोरियों में हीमोग्लोबिन की कमी, और महिलाओं के लिए माहवारी स्वच्छता जैसे विषयों को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं से संवाद करते हुए घरेलू उपायों और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी भी साझा की।

**घर-घर दस्तक देकर किया स्वास्थ्य के प्रति जागरूक**

इस कार्यक्रम के दौरान संस्थान के विद्यार्थियों एवं स्वयं सेविकाओं ने गांव के विभिन्न मोहल्लों में जाकर घर-घर दस्तक दी, और पंपलेट



वितरित किए जिनमें स्वच्छता, पोषण, जलजनित बीमारियों से बचाव, टीकाकरण, मानसिक स्वास्थ्य और प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई थी। इन पंपलेट्स को सरल भाषा और चित्रों के माध्यम से इस प्रकार तैयार किया गया था कि हर वर्ग के व्यक्ति आसानी से समझ सके। स्वयंसेविका खुशी जोधा ने कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई। विद्यार्थियों ने महिलाओं और बुजुर्गों से संवाद स्थापित कर उन्हें स्वच्छ जल के उपयोग, हाथ धोने की आदत और नियमित स्वास्थ्य जांच की आवश्यकता के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में एक खुले संवाद सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने अपनी शंकाएं साझा कीं और विशेषज्ञों ने समाधान प्रस्तुत किए। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए आग्रह किया कि ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएं।

# असोटा गांव में कार्यात्मक साक्षरता एवं वयस्क बुनियादी शिक्षा पर विशेष कार्यक्रम आयोजित




लाडनूं, (रॉयल पत्रिका)। जैन विश्वभारती संस्थान के शिक्षा विभाग एवं अहिंसा एवं शांति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में असोटा गांव में कार्यात्मक साक्षरता एवं वयस्क बुनियादी शिक्षा (एबीई) विषयक एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय, विशेषत अशिक्षित वयस्कों को बुनियादी पढ़ना-लिखना सिखाना, रोजमर्रा के जीवन में आवश्यक गणना, स्वच्छता, बैंकिंग एवं स्वास्थ्य जैसी जानकारी से जोड़ना रहा।

**वयस्क के पढने पर बनता है पूरा परिवार सशक्त**

अहिंसा एवं शांति विभाग के डॉ. रविन्द्र सिंह राठौड़ ने साक्षरता को सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बताते हुए कहा कि जब वयस्क लोग पढ़ना-लिखना सीखते हैं, तो पूरा परिवार और समाज सशक्त होता है। उन्होंने ग्रामीणों की कार्यात्मक साक्षरता के उनके दैनिक जीवन में उपयोगी होने के उदाहरण भी प्रस्तुत किए तथा मोबाइल फोन चलाने, दवाइयों की पर्ची पढ़ने, बैंकिंग कार्य करने या सार्वजनिक योजनाओं की जानकारी लेने के लिएउनका लाभ समझाया। शिक्षा विभाग की डॉ. ममता पारीक ने साक्षरता को केवल अक्षर ज्ञान तक सीमित नहीं मानकर आत्मनिर्भरता, आत्म-सम्मान और जागरूक नागरिक बनने की ओर पहला कदम बताया। उन्होंने कहा कि कार्यात्मक साक्षरता ग्रामीणों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों की समझ प्रदान करती है, जिससे वे अपने जीवन की गुणवत्ता सुधार सकते हैं।

**घर-घर बांटें पैम्फलेट, ग्रामीणों से किया संवाद**

कार्यक्रम के दौरान संस्थान की स्वयंसेविकाओं ने घर-घर जाकर पैम्फलेट वितरित किए, जिनमें कार्यात्मक साक्षरता, हस्ताक्षर करना, संख्याएं पहचानना, बुनियादी शब्दावली, और दैनिक जीवन में उपयोगी छोटे-छोटे गणना कौशल जैसे विषयों को चित्रों और उदाहरणों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया था। स्वयंसेविका खुशी जोधा ने इस अभियान के दौरान ग्रामीण महिलाओं और बुजुर्गों को साक्षरता को उनके आत्म-निर्भर जीवन की कुंजी बनने के बारे में सहज भाषा में समझाया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने संवाद करते हुए साक्षरता कक्षाओं में नियमित भाग लेने की इच्छा भी जताई। संस्थान के प्रतिनिधियों ने गांव में साप्ताहिक साक्षरता सत्र प्रारंभ किए जाने और इच्छुक ग्रामीणों को बुनियादी शिक्षा उपलब्ध करवाने की जानकारी दी।

# अम्बेडकर जयंती पर कवि सम्मेलन आयोजित




सांगोद (रॉयल पत्रिका)। बहुजन एकता मंच सागोंद की जानीब से एक शाम बाबा साहब के नाम 14 अप्रैल डॉ भीमराव अम्बेडकर जयन्ती पर भव्य कवि सम्मेलन बहुजन एकता मंच सांगोंद जिला कोटा राजस्थान द्वारा आयोजित किया गया। जिसमे सैकड़ो लोगो की भागीदारी रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ अब्दुल मन्नान खान पीरजादा प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजस्थान पेन्शनर्स मंच प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ लोक तान्त्रिक एवम् प्रदेश उपाध्यक्ष राजस्थान अधिकारी कर्मचारी माइनोरिटी ने अपनी रचनाए एवम् गजले प्रस्तुत की, जिसे श्रोताओं द्वारा बहुत ही सम्मान के साथ सराहा गया। इस भव्य कवि सम्मेलन के संयोजक वार्ड पार्षद दीपक जेलिया ' एवम् इनके साथियो के द्वारा सभी कवि एवम् कवयित्रियों का स्वागत एवम् स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

# संभागीय आयुक्त ने की ग्रीष्मकाल में पेयजल प्रबंधन सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा

हनुमानगढ़, (रॉयल पत्रिका)। संभागीय आयुक्त डॉ. रवि कुमार सुरपुर में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संभाग के समस्त उपखंड स्तर तक बैठक लेते हुए गर्मी के दौरान पेयजल प्रबंधन सहित लू और तापघात के मद्देनजर की जाने वाली आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। संभागीय आयुक्त ने संभाग के चारों जिला कलेक्टर्स तथा उपखंड अधिकारियों से अब तक की व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया तथा अगले तीन माह तक पेयजल प्रबंधन को लेकर मुस्तैद रहने के निर्देश दिए।

संभागीय आयुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गत दिनों श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ के दौरे के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए की ग्रीष्मकाल में संभाग के समस्त जिलों में पेयजल आपूर्ति को लेकर समस्त प्रारंभिक तैयारियां कर ली जाएं। सभी अधिकारी संवेदनशील रहकर कार्य करें। संभागीय आयुक्त ने कहा कि प्रत्येक उपखंड अधिकारी गत तीन वर्षों में राजस्थान संपर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को देखते हुए यह समझें कि किन क्षेत्रों में पेयजल उपलब्धता को लेकर समस्याएं आई। इन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने टैंकर से परिवहन किए जाने की स्थिति में आवश्यक टेंडर तथा जीपीएस व्यवस्था सिस्टम लागू करने के निर्देश दिए।

संभागीय आयुक्त ने कहा कि टेल एंड के बैठे लोगों को पर्याप्त पेयजल मिले, इसके मद्देनजर पानी की चोरी, लीकेज दुरुस्तीकरण तथा अवैध कलेक्शन काटने का कार्य प्राथमिकता से किया जाए।

उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से भी समन्वय रखें, जिससे व्यवहारिक समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो सके। उन्होंने उपखंड अधिकारियों को जलदाय, जल संसाधन और विद्त विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय रखते हुए समस्त जल भंडारण स्रोतों के चिह्नीकरण, इन्हें भरने तथा पेयजल सप्लाई की प्रभावी व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

संभागीय आयुक्त ने कहा कि लू और तापघात की स्थिति से निबटने की प्रभावी व्यवस्था की जाए। स्कूलों, अस्पतालों, गौशालाओं में पेयजल उपलब्धता को लेकर कोई दिक्कत नहीं हो। विद्त सप्लाई और लोड के कारण पेयजल वितरण व्यवस्था प्रभावित नहीं हो, यह सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक चिकित्सा केंद्र में पर्याप्त दवाइयां तथा स्कूलों सहित सभी स्थानों पर ओआरएस पर्याप्त मात्रा में



उपलब्ध रहे। इसी प्रकार मनरेगा तथा पीडब्ल्यूडी की साइट्स सहित निजी कार्य स्थलों पर भी पेयजल प्रबंधन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक उपखंड अधिकारी पेयजल उपलब्धता और वितरण की दृष्टि से समस्याग्रस्त कस्बों और गांवों का भ्रमण कर लें। इस दौरान जल भंडारण स्रोतों को भरने और पानी चोरी की समस्या के समाधान के लिए पुलिस-प्रशासन को आवश्यक जाब्ता उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में लू और तापघात के कारण होने वाली मौसमी बीमारियों से निबटने की पर्याप्त व्यवस्थाएं हों। प्रत्येक उपखंड क्षेत्र के पीएचसी और सीएचसी तक लू और तापघात के मरीजों के लिए डेडीकेटेड वार्ड चिन्हित किए जाएं। उपखंड अधिकारियों को इनका निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए। संभागीय आयुक्त ने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र के ट्यूबवेल और हैंडपंप क्रियाशील रहें। एसडीम इनकी भी रेंडम जांच करें।

जिला कलक्टर काना राम ने जिले में गर्मी के दौरान पेयजल आपूर्ति और हिट वेव प्रबंधन की तैयारियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार इससे जुड़ी सभी तैयारियां कर ली गई हैं। अधिकारियों को पूर्ण संवेदनशीलता से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस और प्रशासन द्वारा पेयजल और जल संसाधन विभाग के साथ समन्वय रखा जा रहा है। बैठक के दौरान सभी जिला कलेक्टर्स और उपखंड अधिकारियों ने अपनी अपनी तैयारियों के बारे में बताया।

# सामाजिक समरसता दिवस एवं सहभोज का आयोजन

लाडनूं, (रॉयल पत्रिका)। लाडनूं के जैविभा विश्वविद्यालय में सामाजिक समरसता कार्यक्रम के अवसर पर सहभोज में भाग लेते हुए शिक्षिकाएं एवं छात्राएं तथा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ. मनीष भटनागर

जैन विश्वभारती संस्थान के शिक्षा विभाग में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर सामाजिक समरसता कार्यक्रम आयोजित किया गया और उसमें आयोजित सह-भोज कार्यक्रम में सभी छात्राओं व स्टाफ सदस्यों ने साथ बैठकर खाना खाया। विभागाध्यक्ष प्रो. बीएल जैन की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. मनीष भटनागर ने डॉ. अंबेडकर के विचारों पर प्रकाश और बताया कि इस दिन को 'समानता दिवस' और 'ज्ञान दिवस' के रूप में भी मनाया जाता है, क्योंकि जीवन भर समानता के लिए संघर्ष करने वाले अंबेडकर को समानता और ज्ञान का प्रतीक माना जाता है। डॉ. अंबेडकर विश्वभर में मानवाधिकार आंदोलनकर्ता, संविधान निर्माता और प्रकांड विद्वता के लिए जाने जाते हैं। यह दिवस उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य एवं छात्राध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

### नड्डा ने एम्स ऋषिकेश के पांचवेंदीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की

# देश में आज 22 एम्स कार्यरत, ऋषिकेश ने अपनी अलग पहचान बनाई पिछले 10 वर्षों में एमबीबीएस सीटों में 130 प्रतिशत की वृद्धि : नड्डा

**रॉयल पत्रिका**

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा कहा है कि इस सदी के आगमन तक भारत में केवल एक एम्स था। वर्तमान में, देश में 22 एम्स कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि एम्स ऋषिकेश ने अपनी बेहतरीन सेवाओं के कारण स्वास्थ्य सेवा संस्थानों के बीच एक विशिष्ट पहचान बनाई है।

नड्डा ने मंगलवार को ऋषिकेश स्थित एम्स के पांचवें दीक्षांत समारोह में यह बात कही। इस मौके पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तराखंड के स्वास्थ्य एवं शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत, लोकसभा सदस्य अजय भट्ट, अजय टम्टा और त्रिवेंद्र सिंह रावत तथा उत्तराखंड विधानसभा की अध्यक्ष रितु खंडूरी भूषण भी मौजूद थीं।

नड्डा ने कहा कि दीक्षांत समारोह एक विशेष अवसर होता है, जो विद्यार्थियों द्वारा अर्जित उपलब्धियों को मान्यता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि देश के प्रत्येक गरीब व्यक्ति को किफायती एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराना केंद्र सरकार की प्राथमिकता है।

उन्होंने नागरिकों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, सरकार ऐसी स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है जो न केवल उपचारात्मक हो बल्कि निवारक, उपशामक और पुनर्वासात्मक भी हो। स्वास्थ्य क्षेत्र में केंद्र सरकार की



उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए नड्डा ने कहा कि वर्तमान में देश भर में 1.75 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित हैं, जो स्वास्थ्य सेवा और कल्याण से संबंधित कई तरह की सेवाएं प्रदान करते हैं। पिछले 10 वर्षों में, देश भर में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में 101 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और ये कुल 780 हो गई है। पिछले 10 वर्षों में एमबीबीएस सीटों में 130 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि पीजी सीटों में 138 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। उन्होंने आगे कहा, इसी तरह, पैरामेडिक्स की जरूरतों को पूरा करने के लिए, 157 नर्सिंग कॉलेज भी स्थापित किए जा रहे हैं, जो मेडिकल कॉलेजों के साथ ही स्थित होंगे। इससे अनेक लोगों को लाभ मिलेगा।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने हेलीकॉप्टर और ड्रोन सेवाओं का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए एम्स ऋषिकेश की सराहना की, जिसमें 309 गंभीर रोगियों को बचाया गया। उन्होंने राज्य के दूरदराज और वंचित क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने के लिए टेलीमेडिसिन (ई-संजीवनी) जैसी डिजिटल सेवाओं का उपयोग करने के लिए देश के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों में से एक होने के लिए एम्स ऋषिकेश को भी बधाई दी।

केंद्रीय मंत्री नड्डा ने अपने संबोधन का समापन छात्रों को अपने काम के प्रति करुणा, ईमानदारी और समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हुए किया। इस बात पर बल देते हुए कि सरकार प्रत्येक एमबीबीएस छात्र पर 30-35 लाख रुपए खर्च करती है, उन्होंने नए डॉक्टरों से आग्रह किया कि वे अपने पेशेवर करियर की शुरुआत करते समय अधिक जिम्मेदारियां निभाएं। कार्यक्रम के दौरान नड्डा ने संस्थान की चिकित्सा सेवाओं को बढ़ाने के लिए कई स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं का उद्घाटन किया, जिनमें आयुष विभाग में एकीकृत चिकित्सा, न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग में एक पीईटी स्कैन मशीन, रेडियोलॉजी विभाग में पीएसीएस सुविधा और बाल चिकित्सा देखभाल में उन्नत बाल रोग विज्ञान केंद्र शामिल हैं।

इस कार्यक्रम में एम्स ऋषिकेश के अध्यक्ष प्रो. समीरन नंदी, कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह,डीन अकादमिक प्रो. जया चतुर्वेदी, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. बी. सत्य श्री और विभिन्न विभागों के प्रमुख, संकाय सदस्य, अधिकारी, मेडिकल और नर्सिंग के छात्र उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### बस-ऑटो में टक्कर 5 लोगों की मौत

**बहराइच।** यूपी के बहराइच में मंगलवार को भीषण हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार बस ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में एक ही परिवार के 5लोगों की मौत हो गई। 14 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इससे अफरातफरी मच गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हादसा गोंडा-बहराइच मार्ग पर खूंटेहना चौकी के काटिलिया के पास हुआ।




### कानपुर में 2 महिलाओं समेत 3 नहीं रहे

**कानपुर।** बिठूर थाना क्षेत्र के जीटी रोड हाईवे पर मंगलवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। इसमें तेज रफ्तार कार और बस की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में 2महिलाओं की मौत हो गई। 3 घायलों को भर्ती कराया गया। सुबह करीब साढ़े सात बजे नारामऊ में जीटी रोड हाईवे कट पर बस और टाटा जेस्ट कार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई।



### पूर्व मंत्री खाचरियावास के घर पर ईडी की रेड

**जयपुर।** राजस्थान की राजनीति में हड़कंप मचाते हुए ईडी ने मंगलवार सुबह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के जयपुर स्थित आवास पर छापेमारी की। यह कार्रवाई बहुचर्चित 2850 करोड़ के पीएसीएल घोटाले से जुड़ी बताई जा रही है। उन पर आरोप है कि घोटाले की रकम में से करीब 30 करोड़ उनके पास पहुंची थी।



### सलमान को धमकी देने वाला मानसिक रोगी

**नई दिल्ली।** सलमान खान को जान से मारने की धमकी देने वाला शख्स गुजरात के वडोदरा जिले के वाघोडिया तालुका का निवासी निकला है। वह मानसिक रोगी है और उसे पूछताछ के लिए नोटिस भेजा गया है। एफआईआर दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर पुलिस ने उस शख्स को वडोदरा से खोज निकाला है। उसका नाम मयंक पांड्या है।



### समय और इलाहाबादिया ने दर्ज कराए बयान

**मुंबई।** यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना मंगलवार को 'इंडियाज गॉट लैटेंट' शो आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में महाराष्ट्र साइबर पुलिस के सामने पेश हुए। दोनों पूछताछ के सिलसिले में पहुंचे। महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने इलाहाबादिया और रैना के खिलाफ तीन समन जारी कर उन्हें मुंबई में जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने को कहा था।



### एनआईसीडीसी के सहयोग से विकसित होगा आईएमसी, जल्द समझौता ज्ञापन पर होंगे हस्ताक्षर

# महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट के नजदीक करीब तीन हजार एकड़ में जल्द बनेगा आईएमसी

**रॉयल पत्रिका**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई अहम बैठक

लगभग 32 हजार करोड़ रुपए की निवेश आने की संभावना, 10 हजार से अधिक रोजगार के अवसर होंगे सृजित

हरियाणा में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए हिसार स्थित महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट के नजदीक लगभग 3 हजार एकड़ में औद्योगिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आईएमसी) स्थापित किया जाएगा। इस पर लगभग 4680 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस आईएमसी को हरियाणा सरकार और नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एनआईसीडीसी) के सहयोग से विकसित किया जाएगा। यह जानकारी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में मंगलवार को चंडीगढ़ में हुई एक अहम बैठक में दी गई। बैठक में नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल भी मौजूद रहे। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि देशभर में विनिर्माण क्षेत्र में विकास को गति देने तथा व्यवस्थित और नियोजित शहरीकरण सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार राज्य सरकारों के साथ साझेदारी में मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के आधार पर एकीकृत इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित कर रही है। अमृतसर- कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत 7 राज्यों में कुल 6 शहरों में इंडस्ट्रियल टाउनशिप स्थापित की जाएगी, जिसमें हिसार में स्थापित होने वाला आईएमसी सबसे बड़ी परियोजना है, जो लगभग 3 हजार एकड़ में विकसित होगी। इस आईएमसी को दो चरणों में विकसित किया जाएगा।

बैठक में बताया गया कि इस परियोजना के विकसित होने से लगभग 32 हजार करोड़ रुपए के निवेश आने की संभावना है और 10 हजार से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। आईएमसी में सड़क, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट (एसटीपी) सहित सभी प्रकार की बुनियादी और आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। इस परियोजना के क्रियान्वयन के लिए जल्द ही इस एनआईसीडीसी तथा हरियाणा सरकार के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया जाएगा।





#### महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट के होने से आईएमसी में उद्योगों को होगा बहुत बड़ा लाभ

मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को जल्द ही औपचारिक प्रक्रियाएं पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस आईएमसी में भारत के साथ-साथ विदेशी कंपनियों से भी निवेश के लिए आकर्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिसार में चिन्हित 7200 एकड़ में से लगभग 4212 एकड़ में महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट है और लगभग 2988 एकड़ में आईएमसी स्थापित की जाएगी। एयरपोर्ट के नजदीक होने से उद्योगों को बहुत बड़ा लाभ मिलेगा।

#### हरियाणा को दो इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से होगा बड़ा फायदा, 10 आईएमसी भी स्थापित किए जाएंगे

बैठक में बताया गया कि एनआईसीडीसी द्वारा विकसित किया जा रहा दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के तहत हरियाणा के नांगल चौधरी में लगभग 886 एकड़ पर एकीकृत मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक हब भी बनाया जाएगा। इस प्रकार, हरियाणा को दो इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का बड़ा फायदा मिलने वाला है, जिससे प्रदेश में निवेश के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के विजन के तहत विकसित हरियाणा बनाने के लिए उद्योगों का विकास अति आवश्यक है। उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने प्रदेश में 10 आईएमसी स्थापित करने का संकल्प लिया है। संबंधित अधिकारियों को इस दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार, नागरिक उड्डयन विभाग के प्रधान सचिव श्यामल मिश्रा, एनआईसीडीसी के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ रजत कुमार सैनी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### एजेंसी ने पारदर्शी प्रक्रिया का पालन किया

# जेईई मेन परीक्षा के प्रश्न पत्र में गड़बड़ी का मामला सामने आने के बाद एनटीए ने दी सफाई

**रॉयल पत्रिका**

राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा देशभर के तमाम इंजीनियरिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए अप्रैल महीने में कराए गए जेईई-मेन के प्रश्नपत्र में मिली गड़बड़ियों के मामले पर मचे हड़कंप के बीच सोमवार को एनटीए ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उम्मीदवारों को सलाह दी कि वे अनावश्यक संदेह और चिंता पैदा करने वाली खबरों (रिपोर्टों) से गुमराह न हों। एक्स पर पोस्ट में एनटीए ने कहा कि उसने हमेशा ही एक पारदर्शी प्रक्रिया का पालन किया है। जिसके तहत उम्मीदवारों को अंतिम उत्तर कुंजी जारी होते ही अपने रिकॉर्ड किए गए उत्तर देखने की अनुमति दी जाती है। एनटीए अंतिम उत्तर कुंजी के लिए हर चुनौती पर बेहद गंभीरता से विचार करता है। एजेंसी के मुताबिक, उत्तर कुंजी चुनौती प्रक्रिया सभी उम्मीदवारों के लिए एक निष्पक्ष और विश्वसनीय प्रणाली सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस कवायद का उद्देश्य एक प्रकार से किसी भी विसंगति को दूर करना और निष्पक्षता को बरकरार रखना है। एनटीए ने यह भी साफ किया कि जेईई मेन सत्र-2 के संबंध में अपलोड की गई उत्तर कुंजी केवल अंतिम हैं। जबकि अभी तक अंतिम उत्तर कुंजी प्रकाशित नहीं की गई हैं। स्कोर सिर्फ अंतिम उत्तर कुंजी द्वारा निर्धारित किया जाता है और उसी के आधार पर निष्कर्ष निकालना उचित नहीं है।

#### यूं खड़ा हुआ पूरा विवाद

दरअसल इस मामले में पूरा विवाद मीडिया के एक धड़े में जेईई मेन परीक्षा के प्रश्नपत्र में गड़बड़ी शीर्षक से प्रकाशित खबर के सामने आने के बाद खड़ा हुआ। जिसमें यह जानकारी दी गई थी कि परीक्षा से जुड़ी उत्तर कुंजी और प्रश्न पत्र में गड़बड़ी सामने आई है। जिसे लेकर छात्रों ने परीक्षा के आयोजन और संचालन दोनों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्रों का तर्क है कि इतनी बड़ी परीक्षा में इस तरह से गड़बड़ियां होना यह दिखाता है कि राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी द्वारा परीक्षा के संचालन में कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। बताते चलें कि नीट प्रवेश परीक्षा का पेपर लीक होने के मामले पर बीते समय में देश में मचे बवाल के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने इसरो के पूर्व अध्यक्ष की डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति भी गठित की थी। जिसने अपनी रिपोर्ट मंत्रालय को सौंप दी है। इन सबके बीच एनटीए और उसकी कार्यप्रणाली से जुड़े ढांचे में कोई बहुत बड़ा ठोस बदलाव देखने को नहीं मिला है। भविष्य में इसकी उम्मीद की जा सकती है।

# नेशनल हेराल्ड की संपत्तियां ईडी ने की सीज तो कांग्रेस गई खीझ, वेणुगोपाल और जयराम का केंद्र पर हमला

**रॉयल पत्रिका**

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश और केसी वेणुगोपाल ने नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय की ताजा कार्रवाई और सोनिया गांधी, राहुल गांधी के खिलाफ दायर आरोपपत्र को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला।

विदित हो कि कई संपत्तियों को जब्त करने का ऐलान ईडी की ओर से किया गया है। राज्यसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक और एआईसीसी मीडिया विभाग प्रमुख जयराम रमेश ने कहा, नेशनल हेराल्ड की संपत्तियों को जब्त करने को कानून के शासन का मुखौटा ओढ़कर किया गया केंद्र प्रायोजित अपराध करार दिया। उन्होंने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करने को प्रधानमंत्री और गृह मंत्री द्वारा की गई बदले की राजनीति और डराने-धमकाने की कोशिश करार दिया। रमेश ने कहा कि यह कार्रवाई राजनीति से प्रेरित है और इसका उद्देश्य कांग्रेस को कमजोर करना है। उन्होंने दावा किया कि नेशनल हेराल्ड स्वतंत्रता संग्राम की विरासत है और इसे निशाना बनाना राष्ट्रीय मूल्यों पर हमला है।



एआईसीसी महासचिव, संगठन और राज्यसभा सांसद केसी वेणुगोपाल का बयान ने केंद्र सरकार पर विपक्ष के खिलाफ असीमित प्रतिशोध का आरोप लगाया। उन्होंने नेशनल हेराल्ड मामले को निराधार, राजनीति से प्रेरित और मनगढ़ंत करार दिया। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की कार्रवाई डर पैदा करने और विपक्ष को चुप कराने की कोशिश है। वेणुगोपाल ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस इस तानाशाही के सामने नहीं झुकेगी और कानूनी व लोकतांत्रिक और कानूनी तरीके से इसका मुकाबला करेगी।

# महंगाई पर कांग्रेसी वारः अलका लांबा ने केंद्र को घेरा

**रॉयल पत्रिका**

अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष और कांग्रेस प्रवक्ता अलका लांबा ने आमलोगों की जरूरतों और महंगाई की मार पर केंद्र को जमकर घेरा। उन्होंने कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्र सरकार पर पेट्रोल, डीजल, और रसोई गैस की कीमतों में लगातार वृद्धि के लिए तीखी आलोचना की।

उन्होंने कहा कि ये मूल्य वृद्धि आम जनता, खासकर महिलाओं और गरीब परिवारों पर भारी बोझ डाल रही हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार तत्काल प्रभाव से इन आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को कम करे। लाम्बा ने कहा, पेट्रोल और डीजल की कीमतें आसमान छू रही हैं और कुकिंग गैस सिलेंडर की कीमतें ऐसी हैं कि गरीब परिवारों के लिए रसोई चलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने दावा किया कि पिछले कुछ महीनों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 15-20 फीसदी की वृद्धि हुई है, जिससे परिवहन लागत बढ़ी है और इसका असर रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर पड़ा है।



लांबा ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि कीमतों में वृद्धि का सबसे ज्यादा असर महिलाओं पर पड़ रहा है, जो परिवार की रसोई संभालती हैं। उन्होंने कहा, महिलाएं पहले से ही कई चुनौतियों का सामना कर रही हैं। अब रसोई गैस की कीमतें ऐसी हैं कि कई परिवार एक समय का खाना छोड़ने को मजबूर हैं। उन्होंने गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए विशेष राहत पैकेज की मांग की, जिसमें सब्सिडी वाले एलपीजी सिलेंडर और अन्य आवश्यक वस्तुओं पर मूल्य नियंत्रण शामिल हो। लांबा ने केंद्र की भाजपानीत केंद्र की गठबंधन सरकार पर जनविरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि सरकार तेल कंपनियों को अंधाधुंध मुनाफा कमाने की छूट दे रही है, जबकि आम जनता महंगाई की मार झेल रही है। उन्होंने पूछा, जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें स्थिर हैं, तो भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतें क्यों बढ़ रही हैं? यह सरकार की विफलता और जनता के साथ विश्वासघात है।

लांबा ने सरकार से मांग की कि वह आवश्यक वस्तुओं, जैसे दाल, चावल, तेल, और अन्य खाद्य पदार्थों की कीमतों पर नियंत्रण के लिए सख्त नीति बनाए। उन्होंने कहा कि बाजार में कोई नियंत्रण नहीं है। जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए सरकार कोई कदम नहीं उठा रही। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार को सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत करना चाहिए ताकि गरीब परिवारों को सस्ते दामों पर अनाज और अन्य जरूरी सामान मिल सके।

### कल ब्रासीलिया में 15वीं बैठक में करेंगे भारत का नेतृत्व

# शिवराज ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की बैठक में भाग लेंगे

**रॉयल पत्रिका**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान 17 अप्रैल को ब्राजील के ब्रासीलिया में आयोजित होने वाली ब्रिक्स कृषि मंत्रियों की 15वीं बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। इस बैठक का विषय है 'ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग, नवाचार और न्यायसंगत व्यापार के माध्यम से समावेशी और सतत कृषि को बढ़ावा देना'। बैठक में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, सऊदी अरब, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, इथियोपिया, इंडोनेशिया और ईरान सहित ब्रिक्स सदस्य देशों के कृषि मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के भाग लेने की उम्मीद है। चौहान अपनी इस यात्रा के दौरान ब्राजील के कृषि एवं पशुधन मंत्री कार्लोस हेनरिक बैकेटा फेवरो और कृषि विकास एवं पारिवारिक खेती मंत्री लुईज पाउलो टेक्सेरा के साथ बैठक करेंगे। ये बैठकें कृषि, कृषि-प्रौद्योगिकी, ग्रामीण विकास और खाद्य सुरक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में भारत और ब्राजील के बीच सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित होंगी।



केंद्रीय मंत्री चौहान साओ पाउलो में प्रमुख ब्राजीलियाई कृषि व्यवसाय कंपनियों के प्रमुख और ब्राजीलियाई वनस्पति तेल उद्योग संघ के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करेंगे तथा कृषि मूल्य श्रृंखला में भागीदारी व निवेश के अवसरों की तलाश करेंगे। पर्यावरण संरक्षण के संबंध में जागरूकता बढ़ाने और मातृत्व को सम्मानित करने के उद्देश्य से वह 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत ब्रासीलिया में भारतीय दूतावास में वृक्षारोपण अभियान में भी भाग लेंगे।

इसके अलावा वह साओ पाउलो में भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत करेंगे और द्विपक्षीय संबंधों में सांस्कृतिक राजदूत और योगदानकर्ता के रूप में उनकी भूमिका को मान्यता देंगे। यह यात्रा ब्रिक्स देशों के साथ सहयोग को मजबूत करने और कृषि नवाचार और दक्षिण-दक्षिण सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

# वक्फ कानून पर पाकिस्तान की टिप्पणी को भारत ने किया खारिज


**रॉयल पत्रिका**

भारत ने वक्फ संशोधन कानून पर पाकिस्तान द्वारा की गई टिप्पणी को सख्त लहजे में सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा कि वक्फ बिल को लेकर पाकिस्तान की टिप्पणी में की गई बातें पूरी तरह से बेबुनियाद और निराधार हैं।

भारत के एक लोकतांत्रिक देश होने के नाते यहां के कानून पूरी तरह से संविधान के हिसाब से बनाए जाते हैं। भारत के आंतरिक मामलों में बोलने का पाकिस्तान को कोई अधिकार नहीं है।

#### पहले अपने गिरेबान में झांके पाक

भारत ने अपने बयान में पाकिस्तान को दूसरों को अनावश्यक ज्ञान देने की बजाय अल्पसंख्यकों के अधिकारों के संरक्षण के मामले में अपना खुद का खराब रिकॉर्ड देखने की नसीहत दी है। यहां बता दें कि भारत की यह प्रतिक्रिया वक्फ बिल के संसद से पारित होने के बाद पाकिस्तानी मीडिया में इसे लेकर की जा रही नकारात्मक टिप्पणियों के संदर्भ में की गई है।



# 18 को रिलीज होगी 'केसरी : चैप्टर 2'

मुंबई। 'केसरीः चैप्टर 2' 18 अप्रैल 2025 को रिलीज हो रही है। फिल्म में अक्षय कुमार और आर माधवन के अलावा अनन्या पांडे भी हैं। ये फिल्म वकील शंकरन नायर के परपोते रघु पलात और उनकी पत्नी पुष्पा की लिखी किताब द केस दैट शुक द एम्पायर पर आधारित है। फिल्म जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद की कहानी पर आधारित है। दिल्ली में स्पेशल स्क्रीनिंग में नेताओं ने फिल्म की तारीफ की। साल 2019 में खिलाड़ी अक्षय कुमार ने केसरी फिल्म से धुआं उड़ा दिया था। अब 5 साल के बाद वह फिर से इसका सीक्वल लेकर लौट रहे हैं।

## लाइफ Style



# प्रियंका
## हॉलीवुड कॉमेडी फिल्म का बनीं हिस्सा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा का नाम एक और हॉलीवुड फिल्म से जुड़ गया है। वह निकोलस स्टोलर की आगामी कॉमेडी प्रोजेक्ट में 'बेवॉच'के को-स्टार जैक एफ्रॉन के साथ फिर से जुड़ रही हैं। आगामी फिल्म में माइकल पेना और विल फेरेल भी हैं।

हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, फिल्म में रेजिना हॉल, जिमी टैट्रो और बिली आइचनर भी हैं। निकोलस अपनी खुद की स्क्रिप्ट से फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के साथ, वह अपनी हालिया फीचर फिल्म 'यू आर कॉर्डियली इनवाइटेड' में सहयोग करने वाले स्टूडियो के साथ फिर से जुड़ रहे हैं। आगामी कॉमेडी फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और माइकल की भूमिकाओं को लेकर कोई जानकारी अभी सामने नहीं आई है। फिल्म से जुड़े विवरण अभी भी गुप्त रखे गए हैं। वहीं, प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कास्टिंग अनाउंसमेंट की एक झलक शेयर करके इस प्रोजेक्ट में अपनी भागीदारी की पुष्टि भी की, जिसने फैंस के उत्साह को बढ़ा दिया है। प्रियंका चोपड़ा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह निर्देशक एसएस राजामौली के साथ अपनी अगली फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने हाल ही में ओडिशा के कोरापुट में शूटिंग शेड्यूल पूरा किया है। इस फिल्म में महेश बाबू भी हैं। राजामौली के पिता, लेखक विजयेंद्र प्रसाद ने 'एसएसएमबी 29' की कहानी लिखी है और कहा जाता है कि यह इंडियाना जोन्स की तरह ही एक एक्शन-एडवेंचर है। इसके अलावा प्रियंका के पास इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ 'हेड्स ऑफ स्टेट' है। वह 'द ब्लफ' में में भी नजर आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# टीवी सीरीज के कलाकारों की घोषणा

लॉस एंजिल्स। हैरी पॉटर की जादुई दुनिया को लेकर प्रशंसकों में हमेशा से ही उत्साह रहा है। हैरी पॉटर की टीवी सीरीज में कौन से कलाकार किसका रोल निभाएंगे, इस बात का खुलासा कर दिया गया है। हैरी पॉटर की सीरीज में अल्बस डंबलडोर के रोल में जॉन लिथगो नजर आएंगे। वहीं, मिनर्वा मैकगोनागल के रोल में जेनेट मैकटीर और सेलेरस स्नेप के रोल में पापा एस्सीडू नजर आएंगे। वहीं, रुबस हैग्रिड का खास रोल निक फ्रॉस्ट निभाएंगे। इन सभी के अलावा ल्यूक थैलोन क्विरिनस क्विरेल के किरदार में नजर आएंगे।




# कैटी ने अंतरिक्ष में गाया खूबसूरत गाना

लॉस एंजिल्स। कैटी पेरी अपनी 5 सदस्यीय महिला दल के साथ अंतरिक्ष की यात्रा कर लौट आई हैं। कुल 11 मिनट की यात्रा के दौरान वह चार मिनट अंतरिक्ष में रहीं। इस दौरान उन्होंने वहां एक खूबसूरत गाना भी गाया। धरती पर लौटते ही कैटी ने जमीन को चूमा, कहा कि यह मां बनने के बाद उनकी जिंदगी का दूसरा सबसे इमोशनल पल है। कैटी ने खुलासा किया कि उन्होंने उड़ान के दौरान 'व्हाट ए वंडरफुल वर्ल्ड' गाना भी गाया। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि इस अनुभव ने मुझे यह दिखाया है कि आप अपने अंदर भरे प्यार को कभी नहीं जान सकते, जैसे कि आपको कितना प्यार देना है और आपसे कितना प्यार किया जाता है।' कैटी पेरी ने उड़ान भरने के दौरान अपने साथ एक डेजी का फूल भी रखा था। यह उनकी बेटी डेजी के लिए था।



# रेखा-साधना को देखकर सीखा डांस...


मुंबई। रवीना टंडन 90 के दशक में एक्टिंग के अलावा फिल्मों में अपने डांस को लेकर भी चर्चा में रहती थीं, अब बेटी राशा थडानी से उनकी राह पर चल रही हैं। अपनी डेब्यू फिल्म में राशा थडानी ने एक डांस नंबर 'ऊई अम्मा' भी किया था, इस गाने में उनके डांस को काफी पसंद किया गया। हाल ही में राशा ने बताया कि कैसे वह पहली ही फिल्म में इतना अच्छा डांस कर पाईं। साथ ही इस काम में मां रवीना टंडन ने कैसे उनकी मदद की? राशा थडानी ने हाल ही में बीबीसी एशियन नेटवर्क से की गई बातचीत में बताया कि मां रवीना टंडन ने डांस सीखने में काफी मदद की। राशा कहती हैं, 'मां ने मुझे रेखा, साधना जैसी एक्ट्रेस की पुरानी डांस वीडियो देखने को कहा। साथ ही सरोज खान जी की डांस ट्रेनिंग को भी देखने की सलाह दी।



# देसी अंदाज देखने पहुंच रहे दर्शक

मुंबई। सनी का देसी अंदाज और फिल्म की जोरदार कहानी दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींच रही है। 'जाट' ने वीकेंड के बाद भी अपनी पकड़ बनाए रखी। अगर, यह रफ्तार बनी रही तो यह फिल्म जल्द ही अपनी लागत पार कर सकती है। सनी देओल की 'जाट' दर्शकों के दिलों पर राज कर रही है। हालांकि, सोमवार को फिल्म के कलेक्शन में गिरावट दर्ज की गई। पांचवें दिन फिल्म ने सात करोड़ रुपए की शानदार कमाई की, जिसके साथ इसका कुल कलेक्शन अब 47.75 करोड़ रुपए हो गया है। वहीं, अजित कुमार की 'गुड बैड अग्ली' ने सोमवार को बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया। पांचवें दिन फिल्म ने 15 करोड़ रुपए जुटाए, जिसके बाद इसका कुल कलेक्शन 101.3 करोड़ रुपए हो गया है। एक्शन के साथ फिल्म की कहानी लोगों को पसंद आ रही है।

## टीवी मसाला



# छोटे पर्दे पर भी तमन्ना ने खूब कमाया नाम

मुंबई। तमन्ना भाटिया इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'ओडेला 2' को लेकर चर्चा में हैं। तमन्ना फिल्म में शिव भक्त बनी हैं और लोगों की मदद करती हैं। तमन्ना भाटिया ने साउथ की फिल्मों में काम करने के अलावा हिंदी फिल्मों जैसे 'बबली बाउंसर', 'एंटरटेनमेंट', 'हिम्मतवाला' और 'वेदा' में काम किया है। तमन्ना ने फिल्मों के अलावा कई टीवी सीरीज में काम किया है।

*जी करदा :* जी करदा भारतीय हिंदी ड्रामा है। इसे अरुणिमा शर्मा ने निर्देशित किया था। यह 2023 में प्राइम वीडियो के लिए बनाया गया था। तमन्ना भाटिया ने इसमें अहम रोल निभाया था। इसके लिए उन्हें 2023 में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड मिला था।

*आखिरी सच :* आखिरी सच हिंदी भाषा में रिलीज होने वाली टीवी सीरीज है। इसका निर्देशन रब्बी ग्रेवाल ने किया था। सीरीज के लीड रोल में तमन्ना भाटिया थीं। वह इस सीरीज में पुलिस अफसर बनी थीं। यह सीरीज बुराड़ी मर्डर पर बनी थी। इसे डिज्नी हॉटस्टार पर जारी किया गया था। इसमें अदाकारी करने के लिए भी तमन्ना भाटिया को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड मिला।

*नवंबर स्टोरी :* नवंबर स्टोरी तमिल भाषा की टीवी सीरीज है। इस क्राइम थ्रिलर का निर्देशन इंदिरा सुब्रमण्यन ने किया है। इसके लीड रोल में तमन्ना भाटिया हैं। यह सीरीज डिज्नी हॉटस्टार पर 20 मई 2021 को रिलीज हुई थी। इसे स्ट्रीमिंग ब्लॉकबस्टर घोषित किया गया।

***मास्टर शेफ इंडिया- तेलुगू सीजन 1 :*** मास्टर शेफ इंडिया तेलुगु भाषा का टीवी शो है। इसके पहले 6 एपिसोड को तमन्ना भाटिया ने होस्ट किया। यह 27 अगस्त 2021 से 27 नवंबर 2021 तक जेमिनी टीवी पर प्रसारित किया गया।

***11 हॉवर :*** '11 हावर' तेलुगू भाषा की क्राइम थ्रिलर टेलीविजन सीरीज है। इस क्राइम थ्रिलर सीरीज का निर्देशन प्रवीण सत्तारू ने किया। इसमें तमन्ना भाटिया लीड रोल में थीं।

***सपने सुहाने लड़कपन के :*** 'सपने सुहाने लड़कपन के' एक टेलीविजन शो है। यह मई 2012 से जनवरी 2015 तक जी टीवी पर प्रसारित हुआ। इस शो के होली वाले एपिसोड में तमन्ना भाटिया नजर आईं थीं।

# एसीपी आयुष्मान ने आते ही प्रद्युमन की मौत पर कसा तंज

नई दिल्ली। टीवी के पॉपुलर सीरियल सीआईडी 2 में लंबे समय से शो का हिस्सा रहे एसीपी प्रद्युमन का किरदार खत्म हो गया है। शो में एसीपी प्रद्युमन के किरदार में दिख रहे शिवाजी साटम का रोल खत्म होने के बाद अब पार्थ समथान ने एसीपी आयुष्मान बनकर शो में एंट्री की है। लेकिन, आयुष्मान की एंट्री के बाद से ही उनकी सीआईडी की पुरानी टीम के साथ टशन दिख रहा है। एसीपी प्रद्युमन के बेहद खास रहे अभिजीत और दया उनकी मौत के सदमे से उबर नहीं पा रहे हैं, लेकिन एसीपी आयुष्मान उन्हें अपने इमोशन पर काबू रख काम पर ध्यान देने की नसीहत देता है, जिसका बाद उसकी टीम से अनबन हो जाती है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन द्वारा जारी एक हालिया वीडियो में, आयुष्मान अपने तीखे बयान से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते नजर आते हैं।



सीआईडी 2 के प्रोमो में एसीपी आयुष्मान के रोल में दिख रहे एक्टर पार्थ समथान अभिजीत और दया से कहते हैं, कब तक एसीपी प्रद्युमन की मौत पर आंसू बहाओगे। अपने दर्द, इमोशन और आंसू की पोटली बनाकर इसे ऑफिस के बाहर लटका कर आया करो। सीन में देखा गया कि अभिजीत और दया गुस्से से आयुष्मान को घूरते नजर आते है। इसके साथ शो के दौरान भी दया और अभिजीत की आयुष्मान के साथ बहस होती है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन द्वारा जारी एक हालिया वीडियो में, आयुष्मान अपने तीखे बयान से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। वो कहते हैं, 'मुझे केवल परिणाम प्रभावित करते हैं। दया तुरंत उन्हें आश्वस्त करते हैं।

# इन मुस्लिम अभिनेत्रियों ने हिंदू नाम रखकर कमाई खूब शोहरत

नई दिल्ली। बॉलीवुड में कई ऐसी अभिनेत्रियां हुईं, जिन्होंने अपनी अदाकारी और खूबसूरती से लोगों को दीवाना बना दिया। उनके अभिनय की लोग आज भी सराहना करते हैं। हम बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों को बारे में जानेंगे, जिनके नाम को सुनकर लगता है कि वो हिंदू है, लेकिन हकीकत में वह मुस्लिम हैं। इन सभी ने अपना नाम बदलकर इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई और खूब नाम कमाया।



**तब्बू :** अभिनेत्री तब्बू ने बॉलीवुड ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। उनकी खूबसूरती और एक्टिंग के लाखों दीवाने हैं। उन्होंने कई हिट और सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। अभिनेत्री का असली नाम तबस्सुम फातिमा है।




**रीना रॉय :** 80 के दशक की अभिनेत्री रीना रॉय ने अपनी अदाकारी से बहुतों को प्रभावित किया है। उन्होंने कई हिट फिल्में दी हैं। अभिनेत्री ने का असली नाम सायरा अली है।



**मीना कुमारी :** हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री मीना कुमारी का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। 'ट्रेजडी क्वीन'के नाम से मशहूर अभिनेत्री को भारत की सबसे लोकप्रिय और प्रतिष्ठित अभिनेत्रियों में से एक माना जाता हैं। उनकी अदाकारी और खूबसूरती का आज भी लोग तारीफ करते हैं। अभिनेत्री का असली नाम मीना कुमारी नहीं, बल्कि 'महजबीं बानो' था। अपने 33 साल के कॅरियर में उन्होंने 90 से ज्यादा फिल्में की हैं।



**मधुबाला :** मधुबाला के अभिनय कौशल और सुंदरता की प्रशंसा करते हुए आज भी लोग नहीं थकते। उन्होंने भारतीय सिनेमा में अतुलनीय योगदान दिया है। वह अपने दौर की सबसे लोकप्रिय और सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। मधुबाला का असली नाम मुमताज जहां बेगम देहलवी था। हालांकि, लंबे समय तक उनके प्रशंसक उन्हें नाम की वजह से हिंदू ही समझते रहे हैं।



**मान्यता दत्त :** संजय दत्त की पत्नी मान्यता दत्त का नाम भी इस सूची में शामिल है। संजय दत्त से शादी करने से पहले वह फिल्मों में काम कर चुकी हैं। मान्यता का असली नाम दिलनवाज शेख है।

## हसरत जयपुरी की कलम से निकले सदाबहार गाने आज भी हैं प्रासंगिक

# 11 रुपए की सैलरी पर बस कंडक्टर के रूप में शुरू किया काम

**इकबाल हुसैन था असली नाम :** हसरत जयपुरी का जन्म 15 अप्रैल 1922 को राजस्थान के जयपुर में हुआ था। उनका असली नाम इकबाल हुसैन था, लेकिन शायरी की दुनिया में उन्होंने 'हसरत जयपुरी' के नाम को अपनी पहचान बनाया। उनके पिता, नाजिम हुसैन सेना में कार्यरत थे, जबकि उनकी मां फिरदौसी बेगम एक गृहिणी थीं, जिन्हें शायरी से गहरा लगाव था। मां की यह रुचि हसरत को विरासत में मिली। आगे चलकर इसी चीज ने उनके जीवन को एक नई दिशा दी।

*नई दिल्ली। हसरत जयपुरी हिंदी सिनेमा के उन गीतकारों में से एक हैं, जिनकी लेखनी ने न केवल गीतों को अमर किया, बल्कि लाखों दिलों को भी छुआ। उनकी शायरी और गीतों में प्यार, दर्द, और जिंदगी के रंग इतनी खूबसूरती से उभरकर सामने आए कि वे आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उस समय हुआ करते थे।*

**20 साल की उम्र में लिखनी शुरू कीं कविताएं :** हसरत ने प्रारंभिक शिक्षा जयपुर में ही प्राप्त की। उन्हें असली तालीम उनके नाना फिदा हुसैन 'फिदा' से मिली, जो एक मशहूर शायर थे। नाना से हसरत ने उर्दू और फारसी की बारीकियां सीखीं, जिसने उनकी शायरी को गहराई दी। बीस साल की उम्र तक हसरत ने कविताएं लिखना शुरू कर दिया था। उनकी रचनाओं में प्रेम और जिंदगी के प्रति एक अनूठा दृष्टिकोण झलकता था।



**शायरी में प्रेम की मासूमियत झलकती थी :** हसरत जयपुरी का कॅरियर एक साधारण बस कंडक्टर के रूप में शुरू हुआ। 1940 में रोजगार की तलाश में वह जयपुर से मुंबई आ गए। यहां उन्हें बेस्ट बस में कंडक्टर की नौकरी मिली, जिसके लिए उन्हें मात्र 11 रुपए मासिक वेतन मिलता था। दिनभर बस में काम करने के बाद रात में वह मुशायरों में अपनी शायरी सुनाया करते थे। उनकी शायरी में जिंदगी का दर्द और प्रेम की मासूमियत इतनी खूबसूरती से झलकती थी कि लोग मंत्रमुग्ध हो जाते थे।

**इन फिल्मों के लिए लिखे सुपरहिट गाने :** बरसात की सफलता के बाद हसरत जयपुरी, राज कपूर, और शंकर-जयकिशन की तिकड़ी ने हिंदी सिनेमा को कई कालजयी गीत दिए। हसरत ने राज कपूर की फिल्मों जैसे आवारा, श्री 420, जिस देश में गंगा बहती है, संगम, और मेरा नाम जोकर के लिए यादगार गीत लिखे। 1966 और 1972 में उन्हें सर्वश्रेष्ठ गीतकार के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला। उनकी खासियत थी कि वह साधारण शब्दों में गहरी बातें कह जाते थे। उनकी लेखनी में प्रेम, देशभक्ति, और सामाजिक मुद्दों का सुंदर समावेश होता था।

**राज कपूर के साथ खूब जमी जोड़ी :** एक मुशायरे में उनकी मुलाकात अभिनेता पृथ्वीराज कपूर से हुई, जो उनकी शायरी से बेहद प्रभावित हुए। पृथ्वीराज ने अपने बेटे राज कपूर, को हसरत से मिलने की सलाह दी। उस समय राज कपूर अपनी फिल्म बरसात (1949) की तैयारी कर रहे थे। हसरत ने इस फिल्म के लिए अपना पहला गीत 'जिया बेकरार है, छाई बहार है' लिखा, जिसे शंकर-जयकिशन ने संगीतबद्ध किया। यह गीत सुपरहिट हुआ, और इसके साथ ही हसरत जयपुरी का नाम हिंदी सिनेमा में गूंजने लगा।

## प्रेमिका के लिए लिखी लाइन हुई खूब मशहूर

हसरत जयपुरी का निजी जीवन भी उनकी शायरी की तरह रंगों से भरा और भावनात्मक था। बीस साल की उम्र में उन्हें अपने पड़ोस की एक हिंदू लड़की, राधा से प्रेम हो गया था। इस प्रेम ने उनकी लेखनी को और निखारा। हसरत ने एक साक्षात्कार में कहा था, 'प्रेम का कोई धर्म नहीं होता।' उन्होंने राधा के लिए एक कविता लिखी थी, 'ये मेरा प्रेम पत्र पढ़ कर, के तुम नाराज न होना,' जो बाद में फिल्म संगम (1964) का हिस्सा बनी और देशभर में मशहूर हुई। हसरत जयपुरी की निजी जिंदगी की बात करें तो शादी के बाद उनकी पत्नी ने एक बेटे का जन्म दिया। बेटे के जन्म पर उन्होंने जो पंक्तियां लिखीं वो थीं, 'तेरी प्यारी-प्यारी सूरत को किसी की नजर न लगे,' यह लाइनें भी फिल्म ससुराल (1961) का हिस्सा बनीं।

# बल्लेबाजों का आत्मविश्वास बढ़ाने बेहतर पिच पर खेलने की जरूरत

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

महेंद्र सिंह धोनी ने चेन्नई के चेपॉक मैदान के क्यूरेटर से बेहतर पिच तैयार करने का आग्रह किया है जिससे उनके बल्लेबाजों को यहां की तरह अपने शॉट खेलने का आत्मविश्वास मिल सके क्योंकि वह चाहते हैं कि उनकी टीम चेन्नई सुपर किंग्स निर्भीक क्रिकेट खेले।

धोनी की 11 गेंदों में 26 रन की पारी ने चेन्नई को लखनऊ सुपर जाइंट्स पर महत्वपूर्ण जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस तरह से पांच बार के चैंपियन ने चार मैचों की हार का सिलसिला तोड़ दिया, जिसमें घरेलू मैदान पर तीन हार भी शामिल हैं।



■ धोनी ने चेपॉक मैदान के क्यूरेटर से बेहतर पिच बनाने का किया आग्रह

■ बल्लेबाजों को यहां की तरह अपने शॉट खेलने का आत्मविश्वास मिल सके

### छह साल में पहला प्लेयर ऑफ द मैच जीता

पिछले छह साल में पहला प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीतने वाले धोनी ने मंगलवार को मैच के बाद कहा, ''एक कारण यह हो सकता है कि चेन्नई का विकेट थोड़ा धीमा है। जब हम घरेलू मैदान से बाहर खेले हैं, तो हमारे बल्लेबाजों ने थोड़ा बेहतर प्रदर्शन किया है।''

### बेहतर विकेटों पर खेलने की जरूरत

धोनी ने कहा, ''शायद हमें ऐसे विकेटों पर खेलने की जरूरत है जो थोड़े बेहतर हों। इससे बल्लेबाजों को अपने शॉट खेलने का आत्मविश्वास मिलेगा। हम निर्भीक होकर खेलना चाहते हैं।'' धोनी ने स्वीकार किया कि उनके बल्लेबाजों को अपनी भूमिका और जिम्मेदारियां बेहतर ढंग से निभाने की जरूरत है।

### जीतकर अच्छा लग रहा

धोनी ने कहा ,'' जीतकर अच्छा लग रहा है । बदकिस्मती से हम पिछले मैच नहीं जीत सके लेकिन इस जीत से आत्मविश्वास बढा है । यह कठिन मैच था और जीतने की खुशी है । उम्मीद है कि इससे टीम की लय बनेगी ।'' धोनी ने कहा, पिछले मैचों में हम गेंदबाजी करते समय पहले छह ओवर में जूझ रहे थे लेकिन बीच के ओवरों में वापसी की ।

### बेहतर विकेटों पर बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे

हमें बल्लेबाजी ईकाई के तौर पर भी मनचाही शुरूआत नहीं मिल पा रही थी । शायद चेन्नई की विकेट के कारण । उम्मीद है कि बेहतर विकेटों पर हम आगे बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा, हमें पहले छह ओवरों में अधिक गेंदबाजों की जरूरत थी जिससे अश्विन पर पहले छह ओवरों में दो ओवर डालने का काफी दबाव बन रहा था । यही वजह है कि हमने गेंदबाजी में बदलाव किये ।

## खास खबर

### रोहित के खराब फॉर्म का असर मुंबई की रणनीति पर पड़ रहा



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा का मानना है कि रोहित शर्मा के खराब फॉर्म के कारण मुंबई इंडियंस टीम आईपीएल के मौजूदा सत्र में अभी तक लय नहीं पकड़ सकी है । मुंबई के पूर्व कप्तान रोहित अब इस सत्र में हार्दिक पंड्या की कप्तानी वाली टीम में इंपैक्ट खिलाड़ी के रूप में ही खेल रहे हैं । उन्होंने पांच मैचों में 0, 8 , 13 , 17 और 18 स्कोर किया है। मुंबई ने रविवार को दिल्ली कैपिटल्स को 12 रन से हराया और टीम चार हार तथा दो जीत के साथ सातवें स्थान पर है ।

### राजस्थान-दिल्ली में मुकाबला आज

**नई दिल्ली।** सत्र की शानदार शुरूआत के बाद अपने मैदान पर पहली हार झेलने वाली दिल्ली कैपिटल्स इस झटके को भुलाकर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बुधवार को आईपीएल के मैच में फिर जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेगी। लगातार चार मैच जीतने के बाद अक्षर पटेल की कप्तानी वाली दिल्ली टीम को रविवार को अरूण जेटली स्टेडियम पर मुंबई इंडियंस ने हराया । इस हार के बाद दिल्ली शीर्ष स्थान से खिसककर दूसरे स्थान पर पहुंच गई । दूसरी ओर राजस्थान रॉयल्स छह में से सिर्फ दो मैच जीतकर आठवें स्थान पर है । संजू सैमसन की कप्तानी वाली टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है । मुंबई इंडियंस के खिलाफ दिल्ली के लिये घरेलू क्रिकेट के दिग्गज करूण नायर ने पदार्पण करते हुए 40 गेंद में 89 रन बनाये ।



### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 |
| दिल्ली | 5 | 4 | 1 | 8 |
| बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 8 |
| पंजाब | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 |
| कोलकाता | 7 | 3 | 4 | 6 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| राजस्थान | 6 | 2 | 4 | 4 |
| हैदराबाद | 6 | 2 | 4 | 4 |
| चेन्नई | 7 | 2 | 5 | 4 |

ऑरेंज कैप



निकोलस पूरन
357 रन
लखनऊ

पर्पल कैप



नूर अहमद
12 विकेट
चेन्नई

## केकेआर के सात ओवर में दो विकेट पर थे 60 रन

## 95 रन पर हो गए ऑल आउट

## चहल बने प्लेयर ऑफ द मैच, 28 रन पर झटके चार विकेट

# रोमांचक मुकाबले में पंजाब किंग्स ने केकेआर को 16 रनों से दी मात

एजेंसी ▸▸ मुल्लांपुर

युजवेंद्र चहल ने लय में वापसी करते हुए 28 रन पर चार विकेट लेकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 के कम स्कोर वाले मैच में मंगलवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पंजाब किंग्स को 16 रन की यादगार जीत दिलाई।

पंजाब किंग्स को 15.3 ओवर में 111 रनों पर रोकने के बाद, केकेआर सात ओवर में दो विकेट पर 60 रन बनाकर आसान जीत की ओर बढ़ रहा था लेकिन इसके बाद चहल ने केकेआर के मध्य क्रम को झकझोर कर पंजाब को रोमांचक जीत दिलाई। केकेआर की टीम 15.1 ओवर में 95 रनों पर ऑल आउट हो गई।

### पंजाब ने किया सबसे छोटा स्कोर चैस

पंजाब किंग्स ने इसके साथ ही आईपीएल में सबसे छोटे स्कोर का सफलता पूर्व बचाव करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। इससे पहले सबसे कम स्कोर का बचाव चेन्नई सुपर किंग्स ने 2009 में किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ 116 रन बनाकर किया था।



### केकेआर ने आखिरी 7 विकेट 23 रन पर गंवाए

पंजाब के लिए मार्को यानसेन ने भी तीन विकेट लिये जबकि अर्शदीप, जेवियर बार्टलेट और ग्लेन मैक्सवेल को एक-एक सफलता मिली। केकेआर के लिए अंगकृष रघुवंशी ने 28 गेंद में 37 रन की पारी खेलने के साथ कप्तान अजिंक्य रहाणे (17) के साथ तीसरे विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी। लेकिन इस साझेदारी के टूटने के बाद टीम ने आखिरी सात विकेट 23 रन के अंदर गंवा दिये।

### राणा ने 25 रन पर लिए तीन विकेट

इससे पहले, पंजाब किंग्स बिना किसी नुकसान के 39 रन से 15.3 ओवर में 111 रन पर ऑल आउट हो गई जिसमें हर्षित राणा ने 25 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण ने दो-दो विकेट लिए। पंजाब के लिए पदार्पण कर रहे बार्टलेट ने क्विंटन डिकॉक को 2 रन पर चलता किया। रघुवंशी क्रीज पर आते ही आक्रामक शॉट पर चौका लगाकर खाता खोला।

### रहाणे के लिए रिव्यू लेना महंगा पड़ा

पावरप्ले के बाद टीम का स्कोर दो विकेट पर 55 रन था।रघुवंशी ने अर्शदीप के खिलाफ एक रन लेकर तीसरे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की। चहल ने आठवें ओवर में रहाणे को पगबाधा किया। रहाणे के लिए मैदानी अंपायर के फैसले के खिलाफ रिव्यू नहीं लेना महंगा पड़ा।

### स्कोर बोर्ड

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| प्रियांश आर्य का रमनदीप बो हर्षित | 22 | 12 | 3 | 1 |
| प्रभसिमरन का रमनदीप बो हर्षित | 30 | 15 | 2 | 3 |
| श्रेयस अय्यर का रमनदीप बो हर्षित | 00 | 02 | 0 | 0 |
| जोश इंग्लिस बो चक्रवर्ती | 02 | 06 | 0 | 0 |
| नेहाल वढेरा का वेंकटेश बो नोर्किया | 10 | 09 | 2 | 0 |
| ग्लेन मैक्सवेल बो चक्रवर्ती | 07 | 10 | 1 | 0 |
| सूर्यांश शेडगे का डिकॉक बो नारायण | 04 | 04 | 0 | 0 |
| शशांक सिंह पगबाधा अरोड़ा | 18 | 17 | 1 | 1 |
| मार्को यानसन बो नारायन | 01 | 02 | 0 | 0 |
| जेवियर बार्टलेट रन आउट | 11 | 15 | 1 | 0 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 05, कुल योग: 15.3 ओवर में सभी आउट: 111 रन
गेंदबाजी: अरोड़ा 2.3-0-26-1, नोर्किया 3-0-23-1, हर्षित 3-0-25-3, चक्रवर्ती 4-0-21-2 नारायण 3-0-14-02

| केकेआर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक का शेडगे बो बार्टलेट | 02 | 04 | 0 | 0 |
| सुनील नारायण बो यानसेन | 05 | 04 | 1 | 0 |
| अजिंक्य रहाणे पगबाधा चहल | 17 | 17 | 1 | 1 |
| अंगकृष रघुवंशी का बार्टलेट बो चहल | 37 | 28 | 5 | 1 |
| वेंकटेश अय्यर पगबाधा मैक्सवेल | 07 | 04 | 0 | 0 |
| रिंकू सिंह स्टं. इंग्लिस बो चहल | 02 | 09 | 0 | 0 |
| आंद्रे रसल बो यानसेन | 17 | 11 | 1 | 2 |
| रमनदीप सिंह का श्रेयस बो चहल | 00 | 01 | 0 | 0 |
| हर्षित राणा बो यानसेन | 03 | 06 | 0 | 0 |
| वैभव अरोड़ा का इंग्लिस बो अर्शदीप | 00 | 07 | 0 | 0 |
| एनरिच नोर्किया नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 05, कुल योग: 15.1 ओवर में 95/10 रन
गेंदबाजी : यानसेन 3.1-0-17-3, बार्टलेट 3-0-30-1, अर्शदीप 3-1-11-1, चहल 4-0-28-4, मैक्सवेल 2-0-5-1

### सुदीरमन कप फाइनल्स में भारत की चुनौती पेश करेंगे सिंधू और सेन

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन चीन में 27 अप्रैल से चार मई तक होने वाले सुदीरमन कप बैडमिंटन फाइनल्स में भारत की चुनौती पेश करेंगे। अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर भारत ने इस प्रतिष्ठित मिश्रित टीम चैम्पियनशिप के लिये क्वालीफाई किया है । भारत को ग्रुप डी में पूर्व चैम्पियन इंडोनेशिया, दो बार के उपविजेता डेनमार्क और एक इंग्लिश टीम के साथ रखा गया है । भारत की 14 सदस्यीय टीम में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भी चोट से उबरकर वापसी हुई है ।



महिला युगल में गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली फिटनेस कारणों से नहीं खेलेंगी । उनकी जगह प्रिया कोंजेंगबम और श्रुति मिश्रा महिला युगल वर्ग में उतरेंगे । वहीं पुरूष युगल में सात्विक और चिराग के बैकअप के तौर पर हरिहरन ए और रूबेन कुमार को रखा गया है। भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने एक विज्ञप्ति में कहा ,'' चयनकर्ताओं ने सर्वश्रेष्ठ टीम चुनी है । हम जीत के लिये एक या दो मुकाबलों पर निर्भर नहीं है । हमें यकीन है कि यह टीम पदक जीतकर इतिहास रचेगी ।''

## खबर संक्षेप



### एसएसआईपी के अध्यक्ष होंगे प्रभाकरण

**नई दिल्ली।** खेल उद्योग पेशेवरों के संघ (एसएसआईपी) ने मंगलवार को अपने संस्थापक प्रबंधन बोर्ड की घोषणा की और इसके अध्यक्ष अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के पूर्व महासचिव शाजी प्रभाकरण होंगे। नीरज झा मानद महासचिव होंगे और गोवा फुटबॉल संघ के अध्यक्ष कैटानो जोस फर्नांडिस बोर्ड के सदस्यों में से होंगे। दिल्ली फुटबॉल संघ के पूर्व अध्यक्ष रहे शाजी ने इस साल संगठन की स्थापना की है। बोर्ड के सदस्यों का कार्यकाल दो साल का होगा। बोर्ड की पहली बैठक तीन मई को होगी।

### एटलेटिको ने खिताब की उम्मीद जीवंत रखी

**मैड्रिड।** जूलियन अल्वारेज के पेनल्टी पर किए गए दो गोल की मदद से एटलेटिको मैड्रिड ने सोमवार को यहां वलाडोलिड को 4-2 से हरा दिया और इस तरह से स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा को जीतने की अपनी उम्मीद बरकरार रखी। एटलेटिको के इस जीत से 31 मैच में 63 अंक हो गए हैं और वह शीर्ष पर काबिज बार्सिलोना से सात अंक पीछे तीसरे स्थान पर है। बार्सिलोना के 31 मैच में 70 अंक है जबकि रियाल मैड्रिड 31 मैच में 66 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। अल्वारेज ने 25वें और 74वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला। एटलेटिको की तरफ से उनके अलावा गिउलिआनो शिमोन (27वें मिनट) और अलेक्जेंडर सोरलोथ (79वें) ने एक एक गोल किया।

### आईसीसी की बैठक में शामिल नहीं हुए नकवी

**कराची।** चैंपियन्स ट्रॉफी की मेजबानी के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वार्षिक तिमाही बैठक में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी शामिल नहीं हुए। पाकिस्तान में निजी काम के कारण नकवी हाल की बैठकों के लिए हरारे नहीं जा सके। नकवी संघीय गृह मंत्री भी हैं जो केंद्र सरकार में एक महत्वपूर्ण पद है। अधिकारी ने कहा, ''मोहसिन नकवी स्वदेश में काम के कारण नहीं जा सके और बोर्ड के सीईओ सुमेर अहमद आईसीसी की बैठकों में शामिल हुए।''

## क्रिकेट

### बांग्लादेश के साथ भारत मीरपुर में 4 व चटगांव में खेलेगा 2 मैच

भारत का 2014 के बाद सिर्फ पहला दौरा होगा



एजेंसी ▸▸ ढाका

भारत अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ अपनी सीमित ओवरों की श्रृंखला के दौरान मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में चार और चटगांव में दो मैच खेलेगा। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मंगलवार को यह घोषणा की।

बांग्लादेश दौरे पर भारत तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 मैच खेलेगा। यह बांग्लादेश में भारत की पहली टी20 द्विपक्षीय श्रृंखला और 2014 के बाद सिर्फ सीमित ओवरों का पहला दौरा होगा। शुरुआती दो एकदिवसीय और आखिरी दो टी20 मीरपुर में खेले जाएंगे जबकि तीसरा एकदिवसीय और पहला टी20 चटगांव में होगा। भारत को 13 अगस्त को ढाका पहुंचना है। शुरुआती दो एकदिवसीय 17 और 20 अगस्त को खेले जाएंगे जिसके बाद टीम 23 अगस्त को तीसरा एकदिवसीय खेलने के लिए चटगांव जाएगी। चटगांव में ही पहला टी20 26 अगस्त को होगा। आखिरी दो टी20 29 और 31 अगस्त को मीरपुर में खेले जाएंगे।


यह दौरा एशिया कप टी20 की तैयारी में भी मदद करेगा। भारत इस टूर्नामेंट का मेजबान है लेकिन यह अभी स्पष्ट नहीं है कि यह प्रतियोगिता पूरी तरह से श्रीलंका, बांग्लादेश या यूएई में आयोजित की जाएगी या नहीं क्योंकि दोनों देशों के बीच हुए समझौते के अनुसार पाकिस्तान भारत की यात्रा नहीं करेगा।

### भारत ने सभी प्रारूप में मानक स्थापित किया

बीसीबी के मुख्य कार्यकारी निजामुद्दीन चौधरी ने 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' से कहा, ''यह श्रृंखला हमारे घरेलू कैलेंडर में सबसे रोमांचक प्रतियोगिता में से एक होगी।' उन्होंने कहा, ''भारत ने सभी प्रारूपों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मानक स्थापित किए हैं और दोनों देशों के लाखों क्रिकेट प्रेमी इस मुकाबले का आनंद जरूर लेंगे।'' चौधरी ने कहा, ''बांग्लादेश और भारत ने हाल के वर्षों में कुछ बहुत ही प्रतिस्पर्धी मैच खेले हैं और मुझे विश्वास है कि यह एक और कड़ी टक्कर वाली और मनोरंजक श्रृंखला होगी।''

### जेनकिंस ने राष्ट्रमंडल खेल अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** क्रिस जेनकिंस ने राष्ट्रमंडल खेल के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। इस खेल संस्था ने राष्ट्रमंडल खेल आंदोलन में उनकी दीर्घकालिक सेवा और महत्वपूर्ण योगदान की सराहना करते हुए मंगलवार को इसकी घोषणा की। राष्ट्रमंडल खेल की सीईओ केटी सैडलेयर के अनुसार, ''राष्ट्रमंडल खेल के संविधान में मौजूदा अध्यक्ष के त्यागपत्र देने पर अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त करने का प्रावधान है और इसलिए, डोनाल्ड रुकारे को इस साल नवंबर में आगामी महासभा तक यह भूमिका सौंपी गई है।'' जेनकिंस ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''खेलों को आगे बढ़ाने और विशेषकर पैरा खिलाड़ियों को इससे जोड़ने के लिए मुझे जो अवसर दिए गए, उन पर मुझे विशेष रूप से गर्व है। राष्ट्रमंडल खेल संघ के अपने सहयोगियों और दोस्तों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।''



# अय्यर बने आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी

एजेंसी ▸▸ दुबई

भारत की चैंपियंस ट्रॉफी की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले कलात्मक बल्लेबाज बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने मंगलवार को मार्च महीने के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया। अय्यर ने चैंपियंस ट्रॉफी एकदिवसीय प्रतियोगिता में सर्वाधिक 243 रन बनाए थे। उन्होंने इस पुरस्कार की दौड़ में न्यूजीलैंड के जैकब डफी और रचिन रवींद्र को पीछे छोड़ा।



अय्यर ने आईसीसी विज्ञप्ति में कहा, ''मार्च महीने के लिए आईसीसी का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुने जाने पर मैं वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह सम्मान अविश्वसनीय रूप से विशेष है, खासकर उस महीने में जब हमने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। एक ऐसा क्षण जिसे मैं हमेशा अपनी यादों में संजो कर रखूंगा।'' अय्यर ने कहा, ''प्रत्येक क्रिकेटर का सपना होता है कि वह इतनी बड़ी प्रतियोगिता में भारत की जीत में योगदान दे। मैं अपने साथियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ का उनके अटूट समर्थन और विश्वास के लिए आभारी हूं। प्रशंसकों को भी दिल से धन्यवाद। आपकी ऊर्जा और प्रोत्साहन हमें हर कदम पर आगे बढ़ने में मदद करते हैं।''

### बोर्नमाउथ ने फुलहम को एक गोल से हराया

**बोर्नमाउथ (इंग्लैंड)।** बोर्नमाउथ ने पहले मिनट में किए गए गोल के दम पर सोमवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर फुलहम को 1-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में छह मैच में अपनी पहली जीत दर्ज की। बोर्नमाउथ की तरफ से एंटोनी सेमेन्यो ने पहले मिनट में ही गोल कर दिया था। घाना के इस अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ने एलेक्स स्कॉट से पास पर यह महत्वपूर्ण गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इस जीत से बोर्नमाउथ 32 मैच में 48 अंक लेकर आठवें स्थान पर पहुंच गया है और उसने अगले सत्र में यूरोपीय लीग में जगह बनाने की अपनी उम्मीद जीवंत रखी है।



## बीएफआई में खींचतान : अंतरिम समिति ने लिए अहम फैसले

### राज्य इकाइयों के सदस्यों की तत्काल चुनाव कराने की मांग से खींचतान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नवगठित अंतरिम समिति द्वारा राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन और कोचों की नियुक्ति सहित अन्य प्रमुख निर्णयों की घोषणा के बीच मंगलवार को विभिन्न राज्य इकाइयों के सदस्यों के तत्काल चुनाव कराने की मांग से भारतीय मुक्केबाजी प्रशासन में खींचतान तेज हो गई।

भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) के पदाधिकारियों का कार्यकाल दो फरवरी को समाप्त हो गया था लेकिन कानूनी विवादों के कारण चुनाव में देरी हो रही है। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने अपने नवीनतम आदेश में खेल मंत्रालय के पर्यवेक्षक और निर्वाचन अधिकारी को मामले की अगली सुनवाई के लिए तय 28 अप्रैल से पहले नया चुनाव कार्यक्रम जारी करने का निर्देश दिया है।

**बीएफआई के संविधान को कमजोर किया जा रहा**

असम मुक्केबाजी के अध्यक्ष और बीएफआई के पूर्व महासचिव हेमंत कलिता ने मंगलवार को कहा, '' अजय सिंह (पूर्व बीएफआई अध्यक्ष और अंतरिम समिति के वर्तमान प्रमुख) चुनाव में देरी करने और बीएफआई के संविधान को कमजोर करने के लिए सभी हथकंडे अपना रहे हैं।''

### गलत नीति के कारण स्तर नीचे जा रहा

भंडारी ने कहा, '' अजय सिंह की गलत नीतियों के कारण भारतीय मुक्केबाजी का स्तर नीचे जा रहा है।'' विश्व मुक्केबाजी द्वारा बीएफआई के मामलों की देखरेख के साथ घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए गठित अंतरिम समिति ने सोमवार को अपनी पहली बैठक में घरेलू सर्किट को पुनर्जीवित करने के साथ-साथ एलीट (शीर्ष) मुक्केबाजी प्रणाली को फिर से शुरू करने के निर्णय लिया।

### हमारे खिलाड़ियों का भविष्य सुरक्षित रहे

सिंह ने कहा, ''हम चिंतित हैं और चाहते हैं कि चुनाव जल्द से जल्द हो ताकि हमारे हमारे खिलाड़ी प्रभावित ना हो और उनका भविष्य सुरक्षित रहे।'' हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष और बीएफआई के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश भंडारी ने आरोप लगाया कि सिंह ने कोचिंग स्टाफ पर फैसला करते समय कार्यकारी समिति की सलाह लेने से इनकार कर दिया था और पेरिस ओलंपिक में खराब प्रदर्शन का यह एक बड़ा कारण था।

## पंजाब के लिए युजवेंद्र चहल पहली बार बने 'प्लेयर ऑफ द मैच',

पंजाब किंग्स ने आईपीएल में इतिहास रचा। कोलकाता के खिलाफ सबसे कम स्कोर को पंजाब ने डिफेंड कर लिया। पंजाब की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 15.3 ओवर में 111 रन बनाए। इसके जवाब में केकेआर की टीम 95 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह पंजाब ने केकेआर को 16 रन से मात दी। रोमांचक मैच में पंजाब की जीत के हीरो युजवेंद्र चहल रहे, जिन्होंने 4 विकेट लेकर टीम की जीत पक्की की। मैच में चहल ने 28 रन देकर 4 विकेट चटकाए। उन्हें इस धांसू प्रदर्शन के बाद प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। इस दौरान वह काफी खुश नजर आए।

प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड जीतने के बाद युजवेंद्र चहल को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए दिया गया। इस अवॉर्ड को जीतने के बाद वह काफी खुश नजर आए। उन्होंने कहा, ''ये पूरी टीम की मेहनत थी जिसकी वजह से हम इसे जीत पाए। विकेट बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी और हमें पावरप्ले में अच्छा करना था जो हमने किया। जब पहली गेंद मेरी टर्न हुई तो मुझे लगा कि मैं अब उन्हें मौका नहीं दे सकता। जब मुझे विकेट मिल रही तो रन का दबाव नहीं था। मैंने टाइट लाइन पर डालने की कोशिश की और उसमें सफल भी हुआ। मैं गेंदबाजी में परिवर्तन कर रहा था और उसमें मुझे कामयाबी मिली। पंजाब के लिए ये मेरा पहला मैन ऑफ द मैच है, जिससे मैं काफी खुश हूं।''

# रामजीलाल सुमन का तीखा वार: मंदिर के नीचे बौद्ध मठ है, गड़े मुर्दे मत उखाड़ो

## -करणी सेना को दी सरहद पर जाने की सलाह: चीन से देश को बचाओ




आगरा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन ने सोमवार को फतेहाबाद रोड स्थित सपा कार्यालय पर आंबेडकर जयंती मनाई। बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण के बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने करणी सेना का नाम लिए बिना कहा कि 19 अप्रैल को अखिलेश आ रहे हैं। मैदान तैयार है, हो जाएं दो-दो हाथ। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोहल्ले में प्रचार कर देना, बड़ा खतरनाक मामला है। यदि तुम ये कहोगे कि हर मस्जिद के नीचे एक मंदिर है, तो हमें ये कहना पड़ेगा कि हर मंदिर के नीचे एक बौद्ध मठ है। गड़े मुर्दे मत उखाड़ो और यदि उखाड़ोगे तो भारी पड़ जाएगा।

**हमारी लड़ाई उनसे है जो मुसलमानों को बाबर की औलाद कहते हैं**

उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई उनसे है जो मुसलमानों को बाबर की औलाद कहते हैं। जब-जब देश की इज्जत दांव पर लगी, मुसलमानों ने साबित किया है कि जितनी मोहब्बत इस मिट्टी से हिंदू को है, उतनी मोहब्बत मुसलमान भी करता है। सुमन ने कार्यकर्ताओं से पूछा जेल जाना पड़ा तो जाओगे, कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में समर्थन किया। उन्होंने कहा कि मुसलमान का आदर्श बाबर नहीं, बल्कि सूफी संत और मोहम्मद साहब हैं। सुमन ने कहा कि हमने तीन सेनाएं सुनी थीं, अब चौथी सेना पैदा हो गई। चीन ने हमारी जमीन पर कब्जा कर लिया है। करणी सेना के जो रणबांकुरे हैं, उन्हें हिन्दस्तान की सरहद पर जाना चाहिए। चीन से हमें बचाना चाहिए। नहीं तो तुमसे ज्यादा नकली कोई नहीं। उन्होंने कहा कि भरतपुर के राजा सूरजमल ने अंग्रेजों के सिर काटे थे, कभी किसी गरीब का सिर नहीं काटा। जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा निषाद ने कहा पीडीए की एकता ही संविधान और आरक्षण को बचा सकती है। हम शपथ लेते हैं कि पीडीए संविधान बचाने के लिए संघर्ष करेगा। उन्होंने कहा भाजपा के लोग हिंसा पसंद करते हैं। महानगर अध्यक्ष चौधरी वाजिद निसार ने कहा संविधान हमारे लिए संजीवनी है। दलितों के साथ दोहरा व्यवहार हो रहा है। भाजपा राज में उन्हें अपमानित होना पड़ रहा है।

# कांग्रेस में अंदरूनी सफाई की शुरुआत, राहुल बोले – संगठन में अब दोहरी भूमिका नहीं चलेगी

## -राहुल गांधी का साफ संदेश – जो भीतर से भाजपा के हैं, बाहर जाएं



अरावली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को गुजरात के अरावली जिले के मोडासा क्षेत्र में 'संगठन सृजन अभियान' का शुभारंभ करेंगे। इसका उद्देश्य जिला कांग्रेस समितियों को सशक्त बनाकर पार्टी के संगठन को मजबूत बनाना और जवाबदेही की एक नई प्रणाली शुरू करना है। पार्टी के अभियान की शुरुआत करने के लिए राहुल गांधी गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे। यह पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के 2025 को 'संगठनात्मक सुधारों का वर्ष' बनाने के आह्वान के अनुरूप एक कार्यक्रम है।

**केसी वेणुगोपाल ने दी राहुल के दौरे की जानकारी**

वहीं एक हफ्ते पहले अहमदाबाद में कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) और अखिल भारतीय कांग्रेस समिति (एआईसीसी) की बैठक के दौरान भी इस प्रतिबद्धता को दोहराया गया था। कांग्रेस के महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने राहुल गांधी के दौरे के बारे में बात करते हुए एक्स पर लिखा, 'आज और कल, राहुल गांधी इस प्रक्रिया को शुरू करने के लिए गुजरात में होंगे। वे अरावली जिले के मोडासा में कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान की शुरुआत करेंगे। इसका पहला उद्देश्य जिला कांग्रेस समितियों और उनके अध्यक्षों को सशक्त बनाकर और जवाबदेही की एक नई प्रणाली शुरू करके पार्टी संगठन को मजबूत करना है।'

**भाजपा से मिले लोगों को बाहर करना है- राहुल**

बता दें कि, राहुल गांधी ने पहले गुजरात में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा था कि पार्टी से कुछ ऐसे लोगों को बाहर करने की जरूरत है जो भाजपा के साथ मिले-जुले हैं। अगर हम (लोगों के साथ) रिश्ता बनाना चाहते हैं, तो हमें दो काम करने होंगे, पहला काम इन दो समूहों (वफादारों और भाजपा समर्थकों) को अलग करना है, सख्त कार्रवाई करनी होगी। अगर हमें दस, पंद्रह, बीस या तीस लोगों को भी हटाना पड़े, तो हमें उन्हें हटाना चाहिए। भाजपा के लिए काम करने वालों की आलोचना करते हुए राहुल गांधी ने कहा, 'आप अंदर से भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। आपके लिए यहां कोई जगह नहीं है।' इससे पहले पार्टी नेता अजय कुमार लल्लू ने कहा कि पार्टी की पहल पार्टी को नई दिशा देगी। उन्होंने कहा, 'गुजरात महात्मा गांधी और सरदार पटेल की भूमि है। राहुल गांधी महात्मा गांधी के अनुयायी हैं। राहुल गांधी की यह नई पहल पार्टी को नई दिशा देगी।

# पट्टिका हटाने को लेकर कांग्रेस विधायक और बीजेपी नेता में विवाद



सवाई माधोपुर। सोमवार को राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में एक कांग्रेस महिला विधायक और बीजेपी मंडल के बीच जमकर नोकझोंक हुई। इस दौरान कांग्रेस विधायक इतना ज्यादा भड़क गईं कि उन्होंने बीजेपी नेता का कॉलर पकड़ गया। इस मामले का अब वीडियो भी वायरल हुए, जिसके बाद इस मामले ने सियासी तूल पकड़ना शुरू कर दिया है। मामला कस्बे के आंबेडकर चौक का है। यहां बी.आर आंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर स्मारक पट्टिका हटाने से जुड़े मुद्दे पर दोनों नेताओं के बीच विवाद हो गया। इसी मुद्दे पर कांग्रेस विधायक इंदिरा मीणा और बीजेपी के मंडल अध्यक्ष हनुमान दीक्षित के बीच नोकझोंक हो गई और इंदिरा ने हनुमान का कॉलर पकड़ लिया और शर्ट भी फटने की बात बताई जा रही है।ये घटना रविवार रात की है। दरअसल विधायक ने देखा कि आंबेडकर प्रतिमा स्थल पर वह स्मारक पट्टिका हटी हुई है, जिस पर उनका नाम था। ऐसे में उन्होंने इस बात पर आपत्ति जाहिर की। मौके पर बीजेपी के स्थानीय नेता भी मौजूद थे। आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया और विधायक ने ये आरोप लगाया कि उनका नाम बीजेपी नेता ने हटाया है।इसके बाद कांग्रेस की विधायक ने बीजेपी नेता हनुमान दीक्षित का कॉलर पकड़ लिया। इसके बाद स्थानीय पुलिस और प्रशासन ने बीच-बचाव किया और मामले को शांत करवाया। लेकिन जैसे ही ये खबर सियासी गलियारों में पहुंची तो इस पर राजनीति शुरू हो गई। इस मामलें को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष ने माफी मांगने की बात और एफआईआर दर्ज करवाने की बात कही है । वही विधायक इंदिरा मीणा ने भाजपा पदाधिकारियों पर शराब पीकर उत्पात मचाने और पट्टिका तोड़ने के आरोप लगाए है। फिलहाल सोशल मीडिया पर यह वीडियो खूब वायरल हो रही है।

# वक्फ कानून पर टकराव: केंद्र और बंगाल सरकार आमने-सामने, रिजिजू ने ममता पर लगाए गंभीर आरोप

## -विपक्षी दल कर रहे वक्फ संशोधन का विरोध, सरकार पर अल्पसंख्यकों की अनदेखी का आरोप



नई दिल्ली। नए वक्फ कानून को लेकर केंद्र सरकार और पश्चिम बंगाल सरकार अब आमने सामने है। जहां केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी लोगों को नए वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए उकसा रही हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी कह रही हैं कि यह कानून राज्य में लागू नहीं किया जाएगा। दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत के दौरान रिजिजू ने कहा कि ममता बनर्जी कैसे कह सकती हैं कि वह संसद द्वारा पारित कानून को लागू नहीं करेंगी? वह एक संवैधानिक पद पर हैं और उन्हें संविधान का पालन करना चाहिए। रिजिजू ने आगे आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री का यह रवैया सीधे तौर पर हिंसा को बढ़ावा देने वाला है। उन्होंने कहा कि जब आप लोगों से विरोध करने के लिए कहती हैं और संसद द्वारा बनाए गए कानून को न मानने की बात करती हैं, तो आप अप्रत्यक्ष रूप से हिंसा को जन्म दे रही हैं। बता दें कि केंद्रीय मंत्री रिजिजू का यह बयान ऐसे समय आया है जब पश्चिम बंगाल के कई जिलों, खासकर मुर्शिदाबाद और दक्षिण 24 परगना के भांगर इलाके में वक्फ कानून को लेकर हिंसक घटनाएं हुई हैं। इन घटनाओं में कई लोग घायल हुए हैं और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचा है।

**क्या कहा था सीएम ममता ने, एक नजर**

बीते दिनों बढ़ते हिंसा को देखते हुए बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वक्फ कानून को लेकर हो रहे हिंसा पर अपना रूख साफ किया था। उन्होंने कहा था कि नया वक्फ कानून पश्चिम बंगाल में लागू नहीं किया जाएगा।

उन्होंने ये भी कहा था कि यह कानून केंद्र सरकार ने बनाया है, हम नहीं। इसलिए इस पर जवाब भी केंद्र से ही मांगा जाना चाहिए।

**वक्फ कानून पर केंद्र और बंगाल आमने-सामने**

गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने हाल ही में वक्फ अधिनियम में संशोधन किया है, जिसको लेकर देशभर की सियासत में गर्माहट है। विपक्षी दल और कुछ लोगों द्वारा इस कानून का पुरजोर विरोध किया जा रहा है। बंगाल में तो इस कानून के विरोध में कई स्थानों पर भीषण हिंसा भी देखने को मिली है। स्थिति अब ये है कि अब यह मामला केंद्र और बंगाल सरकार के बीच टकराव का रूप लेता जा रहा है। साथ ही आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति भी अपने चरम पर है।

# जयपुर का स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट सवालों के घेरे में

## -850 करोड़ खर्च, फिर भी अधूरी तस्वीर

## -तीन बार डेडलाइन बढ़ी, अब भी अधूरे हैं बड़े प्रोजेक्ट



जयपुर, (रॉयल पत्रिका) । जयपुर को मेट्रो शहरों की तर्ज पर विकसित करने के लिए शुरू किया गया स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट अब सवालों के घेरे में है। तीन बार डेडलाइन बढ़ाने के बावजूद कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट अभी भी अधूरे हैं। ईटीवी भारत की ग्राउंड रिपोर्ट में सामने आया है कि कागज़ों पर 129 काम पूरे दिखाए गए हैं, लेकिन ज़मीनी हकीकत कुछ और ही है। बीते 9 साल में जयपुर में 850 करोड़ रुपये स्मार्ट सिटी के नाम पर खर्च किए जा चुके हैं। चांदपोल बाजार में स्मार्ट रोड बनाई गई, लेकिन ड्रेनेज सिस्टम फेल है। किशनपोल और चौड़ा रास्ता को जोड़ने वाले हेरिटेज वॉक वे पर 40 लाख रुपये खर्च किए गए, लेकिन वहां के पत्थर उखड़ चुके हैं, लाइटें चोरी हो चुकी हैं और रंग फीका पड़ चुका है। रास्तों पर मवेशी और गंदगी आम बात है। किशनपोल बाजार में बनाए गए फुटपाथों की उपयोगिता भी सवालों के घेरे में है। साइकिल स्टैंड महज शोपीस बनकर रह गए हैं। तालकटोरा की सफाई और सौंदर्यीकरण पर 13.28 करोड़ रुपये खर्च हुए, लेकिन बारिश में वहां की हालत खराब हो जाती है। गोविंद देवजी मंदिर के पास स्थित जय निवास उद्यान की स्थिति भी बदतर है। जयपुर में फायर फाइटिंग सिस्टम के लिए 4.5 करोड़ रुपये खर्च किए गए लेकिन उसका इस्तेमाल अब तक नहीं हो पाया है। विधानसभा में बनाए गए डिजिटल म्यूजियम पर 18 करोड़ रुपये खर्च हुए लेकिन तकनीकी रूप से कमजोर होने की वजह से वह आकर्षण नहीं बन सका। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत चौगान स्टेडियम को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाना था लेकिन यह काम अब भी अधूरा है। गणगौरी अस्पताल का एक्सटेंशन होना था ताकि एसएमएस अस्पताल पर बोझ कम हो सके, लेकिन अब तक वह भी पूरा नहीं हो पाया है। किशनपोल गर्ल्स कॉलेज का निर्माण भी अधर में लटका हुआ है। स्थानीय लोगों ने कई खामियों की ओर इशारा किया है। व्यापारी विनय शर्मा ने कहा कि बारिश में शहर पानी-पानी हो जाता है। ताराचंद कुमावत ने बताया कि तालकटोरा से पानी डायवर्ट करने से कॉलोनियों में जलभराव हो गया है। अभिनव द्विवेदी ने कहा कि साइकिल स्टैंड को लेकर लोगों में जागरूकता नहीं है। स्मार्ट सिटी के सीईओ अरुण कुमार हसीजा का कहना है कि खेल, ट्रैफिक, एजुकेशन और ब्यूटीफिकेशन के क्षेत्र में काम हुआ है। चौगान स्टेडियम में ऑल वेदर स्विमिंग पूल, सिंथेटिक ट्रैक, मल्टीलेवल पार्किंग और अन्य खेल सुविधाएं विकसित की गई हैं। रामनिवास बाग में अंडरग्राउंड पार्किंग भी बनाई गई है। उन्होंने कहा कि समय के साथ किसी भी शहर को रखरखाव की जरूरत होती है और उसी के अनुसार सरकार ने 80 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर के जरिए शहर की निगरानी की जा रही है। हालांकि, उन्होंने भी माना कि कुछ काम अब भी अधूरे हैं और उन पर काम जारी है।

# सऊदी अरब ने फिर खोला हज पोर्टल, 10,000 भारतीयों को मिली राहत"

नई दिल्ली। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने मंगलवार बताया कि सऊदी सरकार ने 10,000 भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए हज पोर्टल फिर से खोल दिया है। भारत के 10 हजार तीर्थयात्री हज जाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। मंत्रालय ने कहा कि सऊदी अरब ने संयुक्त हज समूह ऑपरेटरों (CHGO) के लिए हज (Nusuk) पोर्टल को फिर से खोलने पर सहमति व्यक्त की है। मंत्रालय ने कहा कि सऊदी सरकार ने सीएचजीओ को बिना किसी देरी के अपनी प्रक्रिया पूरी करने के लिए तत्काल निर्देश जारी किए हैं।

**भारत सरकार के हस्तक्षेप के बाद खुला पोर्टल**

भारत सरकार के हस्तक्षेप के बाद सऊदी हज मंत्रालय ने 10,000 तीर्थयात्रियों को बुलाने के लिए हज (https://www.nusuk.sa/) पोर्टल को फिर से खोलने पर सहमति व्यक्त की है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है, जब हाल ही में टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि लगभग 52,000 भारतीय हज यात्री इस बार नहीं जा सकते हैं, क्योंकि सऊदी अरब ने मीना में उन क्षेत्रों को रद्द कर दिया है, जो पहले निजी टूर ऑपरेटरों को आवंटित किए गए थे। सरकार की 2025 की हज नीति के अनुसार, भारत को आवंटित कुल हज यात्रियों के कोटे में से 70 प्रतिशत कोटा भारतीय हज समिति द्वारा प्रबंधित किया जाएगा, जबकि शेष कोटा निजी हज समूह आयोजकों को आवंटित किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि सऊदी अरब द्वारा भारत को 2025 के लिए 1,75,025 (1.75 लाख) का कोटा आवंटित किया गया है। पिछले हफ्ते अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के सचिव चन्द्रशेखर कुमार, संयुक्त सचिव सीपीएस बख्शी के साथ भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए चल रही हज तैयारियों की समीक्षा करने के लिए जेद्दा गए थे। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य एवं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने 11 जनवरी से 14 जनवरी तक सऊदी अरब का दौरा किया। इस यात्रा में हज यात्रा की तैयारियों के संबंध में महत्वपूर्ण चर्चा हुई। इसमें हज 2025 के लिए द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर, हज और उमराह सम्मेलन और प्रदर्शनी के उद्घाटन सत्र में भाग लेना और सऊदी गणमान्य व्यक्तियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें शामिल थीं। इस साल हज 2025 में 4 जून से 9 जून के बीच होने की संभावना है, जो कि चांद के दिखने पर निर्भर करेगा। इस्लामी कैलेंडर के अंतिम महीने, ज़िल-हज्ज की शुरुआत का संकेत देता है।

# बिना वीजा रह रहे 15 विदेशी दिल्ली में गिरफ्तार, डिटेंशन सेंटर भेजे गए

नई दिल्ली, (एजेंसी)। भारत के विभिन्न राज्यों में अवैध विदेशी नागरिकों और घुसपैठियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़ा गया है। इसी क्रम में राजधानी दिल्ली में पुलिस ने एक बार फिर से 15 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। ये विदेशी नागरिक बिना वैध वीजा के भारत में रह रहे थे। अब इन सभी विदेशी नागरिकों को वापस उनके देश भेजा जाएगा।दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को इस पूरे मामले के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया है कि दिल्ली के मोहन गार्डन और उत्तम नगर इलाकों में पुलिस की ओर से चलाए गए अभियान में 15 विदेशी नागरिकों को पकड़ा गया है। पकड़ा गए विदेश नागरिकों में बांग्लादेशियों के अलावा 12 नाइजीरियाई और एक आइवरी कोस्ट का नागरिक शामिल है।

**अवैध विदेशी नागरिकों को डिटेंशन सेंटर भेजा गया**

दिल्ली के मोहन गार्डन और उत्तम नगर में अभियान के दौरान पुलिस को पता लगा कि ये विदेशी लोग बिना वैध वीजा के भारत में तय समय से ज्यादा दिनों से रह रहे थे। पुलिस ने इन सभी अवैध विदेशी नागरिकों को पकड़ कर डिटेंशन सेंटर भेज दिया है। वेरिफेकशन के बाद Foreigners Regional Registration (FRRO) ने इन सभी को अपने देश भेजने का आदेश दिया है।

**गृह मंत्री अमित शाह ने दिया था बड़ा निर्देश**

दरअसल, दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, गृह विभाग के मंत्री आशीष सूद, दिल्ली के पुलिस कमिश्नर और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की थी। अमित शाह ने दिल्ली में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के देश में घुसने से लेकर उनके डॉक्यूमेंट बनवाने और रहने में मदद करने वाले पूरे नेटवर्क के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया था। बैठक में निर्देश दिया गया था कि इस मामले में पूरी सख्ती के साथ काम हो क्योंकि अवैध घुसपैठियों का मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा है। गृह मंत्री ने अवैध घुसपैठियों चिन्हित कर डिपोर्ट करने का भी निर्देश दिया था।

# बिना अनुमति डेढ़ साल से गैरहाजिर RAS अधिकारी अकील अहमद की सेवा समाप्त

## -अकील अहमद ने मांगी थी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, लेकिन पूरी नहीं हो पाईं निर्धारित सेवावर्ष की शर्तें

जयपुर। राजकीय सेवा से करीब डेढ़ साल से अवकाश स्वीकृत हुए बिना ही गैर हाजिर पर चल रहे राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) के अधिकारी अकील अहमद को राज्य सरकार ने सेवा से टर्मिनेट कर दिया है। कार्मिक विभाग के संयुक्त सचिव कनिष्क कटारिया ने इसके आदेश भी जारी किए हैं। कनिष्क कटारिया की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि अकील अहमद 5 जून, 2022 से गैर हाजिर चल रहे थे। इसके बाद सरकार ने उनकी सेवा समाप्त कर दी। कार्मिक विभाग के पत्र के मुताबिक तात्कालिक वक्फ बोर्ड के सेवियों अकील अहमद ने राजकीय सेवा में 15 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर 15 मार्च, 2022 से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति किए जाने का अनुरोध किया था। लेकिन 18 माह का असाधारण अवकाश उपभोग किए जाने के कारण उनकी 15 साल की सेवा में 18 माह कम रह गए थे। जिसे स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के योग्य नहीं माना गया। इसके बाद अकील अहमद खान ने 8 जून, 2022 को पारिवारिक कारणों से राजकीय सेवा में बने रहना संभव नहीं बताते हुए त्यागपत्र स्वीकार करने का अनुरोध किया था। उसके बाद बिना मंजूरी के ही वे सेवा से गैर हाजिर हो गए। तत्पश्चात राज्य सरकार ने उनका तबादला निदेशक महिला बाल विकास बांसवाड़ा के पद पर किया था, लेकिन उन्होंने वहां पदभार ग्रहण नहीं किया। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने 31 नवंबर, 2022, 7 जुलाई, 2022, 16 मार्च, 2023 और 27 जुलाई, 2023 को कई नोटिस जारी कर पदभार ग्रहण करने को कहा था।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,